चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 308, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 08 दिसंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## थल सेना में नई पदोन्नति नीति एक जनवरी से होगी लागू

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**
भारतीय सेना नई पदोन्नति नीति लेकर आ रही है जिसे एक जनवरी 2024 से लागू किया जाएगा। नई पदोन्नति नीति बल की निरंतर विकसित होने वाली परिचालन (आपरेशनल) आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार की गई है।

**आंतरिक बाह्य दोनों पहलुओं का रखेंगे ध्यान**
भारतीय सेना के अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि कर्नल और उससे ऊपर के रैंक के अधिकारियों के चयन के लिए पदोन्नति नीति की व्यापक समीक्षा को अंतिम रूप दे दिया गया है। सेना की इस नई नीति में आंतरिक और बाह्य दोनों पहलुओं का ध्यान रखा गया है।

**पदोन्नति के बढ़ेंगे अवसर**
नई नीति से वर्तमान हालात के साथ-साथ उभरती परिचालन चुनौतियों का सामना करने के लिए जैसा नेतृत्व चाहिए, उन आवश्यकताओं को बेहतर तरीके से समझने और उसके अनुसार पदोन्नति के फैसले लेने में मदद मिलेगी। नई पदोन्नति नीति अधिकारियों को पदोन्नति के बढ़े हुए अवसर प्रदान करेगी।

## आंध्र-तमिलनाडु में एसडीआरएफ के लिए दूसरी किस्त जारी

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**
**चक्रवात** मिचौंग के कारण तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है। मंगलवार को आंध्र प्रदेश में नेल्लोर और मछलीपट्टनम के बीच तट से टकराने से पहले चक्रवाती तूफान ने चेन्नई समेत तमिलनाडु के चार जिलों में भारी तबाही मचाई। मुख्यमंत्री दफ्तर से जारी डेटा के अनुसार चक्रवात मिचौंग की वजह से 194 गांवों के 40 लोग और दो शहर प्रभावित हुए हैं। इसपर केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने चिंता जताई है।

**चक्रवात मिचौंग पर बोले अमित शाह**
चक्रवाती तूफान के कारण तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में भारी नुकसान के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया। उन्होंने इस पोस्ट में कहा, 'आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के कई क्षेत्र जलमग्न हो गए हैं, इससे फसलों को बहुत नुकसान पहुंचा है।

# मुझे मोदीजी बुलाकर जनता से दूर न करें..'

## जब पीएम मोदी बैठक के लिए पहुंचे तो सांसदों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया



**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**
**मध्य** प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा की बंपर जीत को लेकर पार्टी के सांसदों ने पीएम मोदी का स्वागत किया। भाजपा के संसदीय दल की बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल समेत भाजपा के केंद्रीय मंत्री और सांसद पहुंचे। इस दौरान जब पीएम मोदी बैठक के लिए पहुंचे तो सांसदों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान सांसदों ने 'मोदीजी का स्वागत है' के नारे भी लगाए।

भाजपा के संसदीय दल की बैठक के दौरान पीएम मोदी ने तीन राज्यों की जीत पर बधाई देते हुए कहा कि यह पार्टी कार्यकताओं की मेहनत का नतीजा था कि भाजपा को विजयी मिली। पीएम ने कहा कि सभी सांसदों को 22 दिसंबर से 25 जनवरी तक चलने वाली विकास भारत संकल्प यात्रा में हिस्सा लेना है। तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर मोदी ने कहा कि यह जीत किसी की निजी जीत नहीं, बल्कि संगठन की जीत है। पीएम ने कहा कि मुझे मोदीजी बुलाकर जनता से दूर न किया जाए। मैं मोदी हूं। बैठक में हुई चर्चाओं का ब्योरा देते हुए केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, "आज भाजपा के संसदीय दल की बैठक हुई। जिसमें पीएम मोदी ने चक्रवात से प्रभावित लोगों के लिए और जिनके साथ दुखद घटनाएं घटी उनके प्रति संवेदना व्यक्त की। प्रह्लाद जोशी ने विधानसभा चुनाव के नतीजों पर हुई चर्चा को लेकर कहा, "तीन राज्यों के साथ मिजोरम और तेलंगाना में भी भाजपा का बल बहुत बढ़ चुका है...तीन राज्यों में हमारी सरकार चुनी जा चुकी है और वहां पर हमारी सरकार बनाई जा रही है।" बैठक के दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच प्रधानमंत्री को माला पहनाकर उनका स्वागत किया। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल सहित कई केंद्रीय मंत्री और पार्टी के सांसद मौजूद थे। भाजपा संसदीय दल की बैठक में पार्टी के सभी लोकसभा सदस्य राज्यसभा सदस्य शामिल होते हैं।

## तीन राज्यों में सीएम की घोषणा नहीं करने पर कांग्रेस का हमला

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**
छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में भाजपा को अपार जनसमर्थन मिला। वहीं कांग्रेस को करारी हार मिली। अब तीनों राज्य अपने मुख्यमंत्री की घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच, कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधा। उसने पूछा आखिर मुख्यमंत्रियों की घोषणा में देरी क्यों हो रही है?



**24 घंटे के भीतर ही तेलंगाना के मुख्यमंत्री...**
कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि तीन दिसंबर को चुनाव परिणाम आए थे। उसके 24 घंटे के भीतर ही तेलंगाना के मुख्यमंत्री की नियुक्ति में तथाकथित 'देरी' के लिए मीडिया में सभी जगह कांग्रेस पार्टी की आलोचना होने लगी थी।

**तीन राज्यों के सीएम की घोषणा**
उन्होंने आगे कहा, 'हमारे मुख्यमंत्री की घोषणा तो परसों ही हो चुकी है और आज दोपहर एक बजे वह शपथ लेने जा रहे हैं। पर तीन दिन बीतने के बाद भी भाजपा छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान के लिए अपने मुख्यमंत्रियों की घोषणा तक नहीं कर पाई है।'

रमेश ने कहा कि इस बात को उतनी ही बैचेनी और प्रमुखता से क्यों नहीं उठाया जा रहा है, जहां वास्तव में देर हो रही है?

## तेलंगाना में 'रेवंत राज', हुई ताजपोशी



**हैदराबाद/लोक प्रेरणा**
तेलंगाना में शानदार जीत के बाद रेवंत रेड्डी ने राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। रेड्डी को एलबी स्टेडियम में तेलंगाना के राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन ने पद की शपथ दिलाई। गुरुवार को पूरे हैदराबाद शहर में रेवंत रेड्डी के पोस्टर लगाए गए थे। 56 साल के रेवंत वर्तमान में तेलंगाना कांग्रेस के अध्यक्ष भी हैं। तेलंगाना राज्य का गठन साल 2014 में हुआ था, इस तरह शपथ लेने के बाद रेवंत रेड्डी राज्य में कांग्रेस के पहले मुख्यमंत्री बन गए।

**दोपहर 1.04 बजे ली मुख्यमंत्री पद की शपथ**
रेवंत रेड्डी ने हैदराबाद के एलबी स्टेडियम में दोपहर 1.04 बजे तेलंगाना के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, संसदीय दल प्रमुख सोनिया गांधी और राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

**पीएम मोदी ने रेवंत को बधाई दी**
वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी ने रेवंत को शपथ ग्रहण पर बधाई दी और राज्य के विकास के लिए हर संभव समर्थन का आश्वासन दिया। पीएम मोदी ने ट्वीट किया, "तेलंगाना के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर रेवंत रेड्डी गारू को बधाई। मैं राज्य की प्रगति और उसके नागरिकों के कल्याण के लिए हर संभव समर्थन का आश्वासन देता हूं।"

## आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे ने की अग्निपथ योजना की तारीफ, गिनाए फायदे

**पुणे/लोक प्रेरणा**
**भारतीय** सेना के चीफ जनरल मनोज पांडे ने एक कार्यक्रम के दौरान अग्निपथ योजना की तारीफ की। उन्होंने कहा कि इस योजना की मदद से सेना को बेहतरीन सैनिक मिलेंगे। दरअसल पुणे में एक कार्यक्रम के दौरान सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि अग्निपथ योजना को लागू करने से सैन्य भर्ती की दिशा में अहम कदम है। इससे तकनीकी तौर पर सक्षम सैनिकों की सेना में भर्ती हो सकेगी। साथ ही यह योजना सबसे बेहतरीन सैनिकों को सेवा में रखने में बेहद कारगर है। पुणे में कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग में एक सम्मेलन



के दौरान आर्मी चीफ ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों का यूनिट्स और सब-यूनिट्स में शामिल करने का फैसला पूरी तरह से मेरिट के आधार पर होता है।

**बीते साल शुरू हुई थी अग्निपथ योजना**
बता दें कि बीते साल जून में केंद्रीय कैबिनेट ने भारतीय सेना में भर्ती के लिए अग्निपथ योजना को मंजूरी दी थी। अग्निपथ योजना के तहत सैनिकों की सेना में भर्ती चार साल के लिए होती है। चार साल की सेवा के बाद अग्निपथ योजना से सेना में भर्ती हुए अग्निवीरों को रिटायरमेंट पर करीब 12 लाख रुपये मिलेंगे, जिससे वह भविष्य कोई काम कर सकते हैं। अग्निपथ योजना का उद्देश्य युवा सैनिकों की सेना में भर्ती कर सेना की औसत उम्र को 4-5 साल घटाना है। अग्निपथ योजना का ये भी उद्देश्य है कि जब अग्निवीर सेना में चार साल की सेवा पूरी करेंगे तो वह अपनी युवावस्था के चरम पर होंगे और ज्यादा बेहतर तरीके से अनुशासित होंगे।

## सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए भविष्य की तकनीक विकसित करना जरूरी: सीडीएस

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**
**सीडीएस** जनरल अनिल चौहान ने गुरुवार को कहा कि मानवयुक्त और मानवरहित सैन्य संसाधनों में समन्वय बनाना नई पीढ़ी के विमानों में कम्युनिकेशन और भविष्य के युद्धों के लिहाज से बेहद अहम होगा। भारत इस दिशा में अहम कदम उठा रहा है। नई दिल्ली में आयोजित हुए 'एविएशन एक्सपो 2023' में अपने संबोधन में सीडीएस ने ये बातें कही। कार्यक्रम में शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने भविष्य की तकनीक को विकसित करने की जरूरत बताई ताकि सुरक्षा



चुनौतियों से निपटा जा सके। सीडीएस ने एचएल की तारीफ की जनरल अनिल चौहान ने कहा कि हिंदुस्तान एयरोनोटिक्स लिमिटेड नई एवियोनिक्स तकनीक और हार्डवेयर को लागू करने में अग्रणी भूमिका निभा रही है। हम बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं और यह सिर्फ भू-राजनीतिक बदलाव नहीं है बल्कि तकनीकी और आर्थिक बदलाव भी हैं। यह जरूरी है कि आधुनिक सेनाएं हमेशा युद्ध के लिए तैयार रहें, साथ ही वह भविष्य की लड़ाई के लिए भी तैयारी करती रहें। सीडीएस ने कहा कि मानवयुक्त और मानवरहित संसाधनों में समन्वय भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों के लिहाज से अहम है। एक्सपो में सीडीएस अनिल चौहान के अलावा भारतीय वायुसेना के डिप्टी चीफ एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित और हिंदुस्तान एयरोनोटिक्स लिमिटेड के चेयरमैन सीबी अनंतकृष्णन भी मौजूद रहें। सीडीएस ने कहा कि बदलावों के साथ कदमताल करने के लिए जरूरी है।

## 'विभिन्न हाईकोर्ट में 112 जजों की नियुक्ति की प्रक्रिया जारी'



**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**
**केंद्रीय** कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गुरुवार को राज्यसभा में जानकारी देते हुए बताया कि देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों में 112 जजों की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। कानून मंत्री ने कहा कि न्यायपालिका में शीर्ष जजों की नियुक्ति एक सहयोगात्मक और एकीकृत प्रक्रिया है, जिसमें कार्यपालिका और न्यायपालिका शामिल होती हैं। इसमें विभिन्न संवैधानिक अथॉरिटीज से मंजूरी और सलाह की जरूरी होती है।

**कानून मंत्री दी ये जानकारी**
राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान कानून मंत्री ने यह जानकारी दी। मेघवाल ने कहा कि हाईकोर्ट जजों के मंजूर पद 1114 हैं, जिनमें से 790 पद भरे हुए हैं और 234 खाली हैं। विभिन्न हाईकोर्ट कॉलेजियम ने कुल 292 जजों के नामों की सिफारिश की थी, जिनमें से 110 नाम मंजूर हो गए हैं और 112 नामों पर चर्चा चल रही है। मेघवाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में 34 जजों के पद स्वीकृत हैं और फिलहाल सभी भरे हुए हैं। कानून मंत्री ने ये भी बताया कि नरेंद्र मोदी सरकार में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में जजों की संख्या बढाई गई है। उन्होंने कहा कि यूपीए की सरकार में हाईकोर्ट में 906 जजों के पद थे और सुप्रीम कोर्ट में 31 पद थे।

## चक्रवात मिचौंग के कारण हुए नुकसान की समीक्षा करने चेन्नई पहुंचे रक्षा मंत्री, सीएम स्टालिन से मिले

**चेन्नई/लोक प्रेरणा**
**चक्रवात** मिचौंग के कारण चेन्नई के कई हिस्सों में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है। इस दौरान भारी बारिश भी देखने को मिला, जिसके कारण यरूशलम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में जलभराव हो गया। पल्लिकरनई इलाके में पेट्रोल पंप भी बाढ़ में डूब गया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की समीक्षा करने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज चेन्नई के लिए रवाना हुए।

**चेन्नई पहुंचे राजनाथ सिंह**
चेन्नई में राजनाथ सिंह ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने चक्रवाती तूफान के कारण उत्पन्न हुई स्थितियों पर बातचीत की। इस दौरान राजनाथ सिंह ने बाढ़ जैसी स्थिति की समीक्षा करने के लिए अन्य अधिकारियों के साथ भी बैठक की। सीएम स्टालिन और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक में रक्षा मंत्री ने कहा, 'तमिलनाडु में चक्रवात मिचौंग की वजह से मरने वालों के लिए दुखी हैं। वे इस परिस्थिति का व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री स्टालिन से भी बात की। प्रधानमंत्री ने मुझे भी व्यक्तिगत रूस से परिस्थिति की निगरानी करने का निर्देश दिया है। सेना के जवान, नौसेना, वायु सेना, एनडीआरएफ, मौसम विभाग समेत अन्य केंद्रीय एजेंसियां इस संकट को कम करने के लिए अपना हर संभव प्रयास कर रही है।'

## श्रीलंका के समुद्री क्षेत्र से 21 भारतीय मछुआरे गिरफ्तार

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**
श्रीलंका के समुद्री क्षेत्र से 21 भारतीय मछुआरों को अवैध तरीके से सीमा पार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इसी के साथ श्रीलंका की गिरफ्त में भारतीय मछुआरों की संख्या 195 हो गई। भारतीय मछुआरों के साथ उनके चार ट्रॉलर को बुधवार को मन्नार और कोविलन के पूर्वोत्तर जल क्षेत्र में जब्त कर लिया गया है।

नौसेना ने बताया कि 2023 में श्रीलंका के समुद्री क्षेत्र से अबतक 195 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। भारत और श्रीलंका के बीच विवादास्पद मुद्दों में मछुआरों का मुद्दा अहम है। यहां तक कि श्रीलंकाई नौसेना के जवानों ने पाल्क जलडमरूमध्य में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी भी की।

## 'पन्नू: अमेरिका से मिली जानकारी की जांच के लिए भारत ने बनाई समिति'

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**
**अमेरिका से** मिली जानकारी के बाद भारत ने इसकी जांच के लिए एक समिति बनाई है क्योंकि यह देश की की राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में यह जानकारी दी। बता दें कि अमेरिका ने आरोप लगाया है कि उनकी सरजमीं पर एक सिख अलगाववादी नेता की हत्या की साजिश रचने में भारतीय शामिल हैं। अमेरिका के आरोपों पर राज्यसभा में सवाल पूछा गया। जिसके जवाब में विदेश मंत्री ने जांच समिति बनाने की बात कही।



**विदेश मंत्री ने संसद में पूछे गए सवाल पर दिया ये जवाब**
विदेश मंत्री ने कहा कि 'जहां तक अमेरिका की बात है, हमारे सुरक्षा सहयोग के चलते अमेरिका ने हमें कुछ जानकारी दी थी। यह जानकारी हमारे लिए चिंता का विषय है क्योंकि यह संगठित अपराध, तस्करी और अन्य मामलों से संबंधित है। यह हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मामला है, इसलिए हमने इसकी जांच के लिए समिति का गठन किया है। विदेश मंत्री से ये भी सवाल किया गया कि अमेरिका और कनाडा के आरोपों को समान तरीके से क्यों हैंडल नहीं किया गया? इसके जवाब में जयशंकर ने कहा कि 'कनाडा की तरफ से हमें कोई पुख्ता सबूत मुहैया नहीं कराए गए तो जहां तक समान तरीके से हैंडल करने की बात है तो एक तरफ से हमें पुख्ता सबूत दिए गए हैं और दूसरी तरफ से नहीं दिए गए हैं।'

**अमेरिका ने लगाए थे ये आरोप**
बता दें कि बीते महीने अमेरिका के संघीय अभियोजकों ने आरोप लगाया था कि भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता, कथित तौर पर भारत सरकार के एक अधिकारी के साथ मिलकर अमेरिका के न्यूयॉर्क में रहने वाले सिख अलगाववादी की हत्या की साजिश रच रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि यह कथित सिख अलगाववादी गुरुपतवंत सिंह पन्नू है, जिसके पास अमेरिका और कनाडा दोनों देशों की नागरिकता है। इससे पहले सितंबर में कनाडा के पीएम जस्टिन टूडो ने भी भारत पर आरोप लगाए थे कि बीते जून में कनाडा में हुई खालिस्तानी कट्टरपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट्स का हाथ है।

# हिंदू विरोधियों के प्रति मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सभी हों एकजुटः कुलदीप पांडे

अखंड भारत संदेश



**सहसों, प्रयागराज।** क्षेत्र के गारापुर में गुरूवार को अखिल भारतीय जनसंघ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप पांडे ने बाबरी विध्वंस के उपलक्ष्य में अयोजित बैठक कार्यक्रम पर प्रदेश वासी हिन्दुओं को बधाई देते हुए कहा कि यह बड़े हर्ष की बात है कि हम प्रभु श्री राम के जन्मस्थली पर बन रहे भव्य मंदिर के साक्षी हैं। तथा पूरे देश की जनता को इस सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित कर कहा कि यह इस देश की जनता की देन है कि आज हमे यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है न कि किसी पार्टी की क्योंकि इसका श्रेय लेने में अग्रणी भाजपा अगर चाहती तो अपने सरकार 1999 से 2004 के दौरान भी मंदिर निर्माण करवा सकती थी। कांग्रेस तो भगवान श्री राम का अस्तित्व ही नहीं मानती और तो और कारसेवकों पर गोली चलवाने वाली सपा आदि की बात ही क्या करें।

इसी क्रम में राजस्थान में करणी सेना प्रमुख स्वर्गीय गोगामेड़ी की हत्या पर सवाल उठाते हुए कहा कि जनता को सोचना पड़ेगा कि राजस्थान में भाजपा सरकार आते ही क्यों हिंदुत्ववादी नेता मारा गया। उत्तर प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनने के बाद ही प्रखर हिंदुत्व वादी नेता कमलेश तिवारी की हत्या होती है। गुजरात में भाजपा सरकार के रहते ही प्रवीण भाई तोगड़िया जिनकी कड़ी सुरक्षा के बावजूद अपहरण होता है। उन्होंने कहा बीते कई महीनो से यह देखा जा रहा है कि देश में हो रही हत्याओं की जिम्मेदारी एक ही अपराधी गुट ले रहा है, जिसपर सरकार द्वारा कोई संदेश जनक कार्यवाही न किया जाना सरकार की दूर नियति को दशार्ता है।

देश में हिंदुत्व सोच की माने जाने वाली सरकार के रहते ऐसा होना सरकार पर भी शंका उत्पन्न होती है। हिंदुत्व की बात करने वालों के राज में हिंदू नेताओं की हत्या चुप्पी के बाद भी बहुत कुछ कहती है। दीन दयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की हत्या पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का भी रवैया बड़ा संदिग्ध रहा है। फलस्वरूप अटल बिहारी बाजपेई एवं लाल कृष्ण आडवाणी को मिला चुका है। जिस प्रकार उन्होंने अपने रास्ते से दीन दयाल उपाध्याय जी एवं श्यामा प्रसाद जी को हटाने के बाद मधोक जैसा सलूक किया वैसा ही कुछ उनके साथ प्रधानमंत्री मोदी ने किया। उन्होंने देश की जनता को एकजुट होकर हिंदुविरोधियो को मुंहतोड़ जबाव देने का आह्वान किया। बैठक का संचालन अनुराग मिश्रा ने किया। इस मौके पर पार्टी के काफी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## अपना दल (एस) यमुनापार इकाई की मासिक बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश

**मांडा, प्रयागराज।** यमुनापार क्षेत्र के मेजा विधानसभा जोन पूर्वी का इंद्रकली पटेल जूनियर हाई स्कूल मांडा के प्रांगण में अपना दल (एस) यमुनापार इकाई की मासिक बैठक संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता शिव प्रसाद पटेल जी ने किया।

वहीं मुख्य अतिथि लाल शास्त्री पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यकताओं से पार्टी की नीति, निर्देश 2024 के चुनाव की संगठन तैयार करने हेतु बूथ गठन करने

### बारिश एवं ठंडी हवा में भी दिखा कार्यकताओं का जोश

पर जोर कार्यकताओं को अनुशासन एवं कैडर पर चलने के आवश्यक दिशानिर्देश दिए। साथ ही हाल में हुए तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव के एनडीए सरकार बनने की खुशी जाहिर किया। बैठक में राष्ट्रीय सचिव राजेश पटेल, बुलबुल, जिला उपाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि पंकज पटेल, प्रदेश कोषाध्यक्ष छात्र मंच शिव बालक कोल जिलाध्यक्ष सांस्कृतिक मंच का संचालन दिनेश पटेल ने किया।

मौके पर राहुल मौर्य, मानिक चंद्र पटेल, महेंद्र कुमार सिंह पटेल, अरविंद सिंह पटेल, विधानसभा अध्यक्ष मेजा महेंद्र पटेल, डा. संतोष पटेल, विधानसभा अध्यक्ष युवा मंच, शुभम पटेल , युवा नेता अजीत सिंह पटेल, राम गोपाल जैसल, विवेक पटेल, विशाल निषाद, राजू मौर्य आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का परिनिवॉण दिवस आयोजित हुआ

अखंड भारत संदेश



**करछना, प्रयागराज।** राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज खाई करछना प्रयागराज में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर प्रधानाचार्य श्री मत्स्येन्द्र नाथ त्रिपाठी ,समस्त शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा संविधान शिल्पी बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की औपचारिक रूप से शुरूआत की गयी, संविधान के शिल्पी को श्रद्धांजलि उनको तथा उनके कार्यो को याद करके दी गई कार्यक्रम के प्रभारी श्री जितेन्द्र जी ने बाबा साहब के जीवन एवं कार्यों पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार रखे निर्माण , श्री अवधेश संविधान निमार्ण में बाबा साहब की भूमिका , महत्त्व ,उपयोगिता के विषय में जानकारी दी इस अवसर पर कक्षा 7 छात्र प्रत्युश तिवारी ने भी अपने विचार रखे ।इस अवसर पर एक निबंध प्रतियोगिता संविधान निमार्ण में बाबा साहब की भूमिका विषय पर आयोजित की गयी जिसमें संदीप तिवारी द्वारा प्रश्न पूछा सभी छात्रों ने प्रतिभाग किया निर्णायक समस्त कक्षा अध्यापक रहे कार्यक्रम का संचालन श्री धर्मेन्द्र सिंह जी ने किया तथा आभार ज्ञापन श्री अबू मोहम्मद शीश ने किया इस अवसर पर श्री संदीप तिवारी, श्री अखिलेश जी श्री अनुराग शर्मा, श्री पंकज, अवधेश,प्रदीप, श्रीमती उपासना, अंशु जैसवाल, शिल्पा मिश्रा, प्रज्ञा पांडेय एवं समस्त शिक्षक , कर्मचारी व छात्र उपस्थित थे।



## ग्राम प्रधान कोसफारा खुर्द का अचानक इंतकाल

### ब्लॉक कोरांव सहित जिले के प्रधान संगठनों ने जताया दुख

**कोरांव, प्रयागराज।** अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन ब्लॉक कोरांव के सदस्य एवं ग्राम प्रधान कोस्सफारा खुर्द अजहर अली की अचानक बीती रात हार्ट अटैक आने से इन्तेकाल हो गया। बृहस्तिवार को प्रधान अजहर को गांव के ही कब्रिस्तान में सुपुर्द खाक कर दिया गया। ग्राम सभा सहित विभिन्न ग्राम के प्रधानों ने और आम जनों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। और उनके परिवार जनों को ऊपर वाले से सब्र की कूवत रखने की दुआएं की है।

# कांग्रेसियों ने जन समस्याओं को लेकर राज्यपाल को सम्बोधित माग पत्र, एसडीएम को सौंपा

अखंड भारत संदेश



**करछना, प्रयागराज।** कांग्रेसियों ने जमुनापार में कृषि कार्यों में उपयोग आने वाले खाद बीज और नहरों में पानी की अनुपलब्धता को लेकर राज्यपाल को सम्बोधित माग पत्र एसडीएम को सौंपा। यह की वर्तमान समय में गेहूं की बुवाई आसान्न है जिसके लिए किसानों को डीएपी खाद की जरूरत होती है जो सरकारी वितरण केन्द्रो से पूरी तरीके से गायब है जबकि बाजार में ज्यादा कीमत देने पर भरपूर मात्रा में उपलब्ध है ।सीधी बात करें तो खाद की कालाबाजारी हो रही है जिसको तत्काल रोका जाए और किसानों को डीएपी उपलब्ध कराई जाए।

यह की नहरों में टेल तक पानी नहीं पहुंच रहा है जिसकी वजह से किसान परेशान है हताश है निराश है सिंचाई की व्यवस्था तत्काल कराई जाए।

इसके अलावा क्षेत्र में कई जगह विद्युतीकरण का काम नहीं हुआ है जिसमें बड़गोहना की धोबियाना बस्ती भी शामिल है ज्ञापन देने वालों में तिवारी अध्यक्ष जिला कांग्रेस के नेतृत्व में राम छबि ले मिश्र जिला उपाध्यक्ष रंगराज सिंह जिला उपाध्यक्ष शिव विजय सिंह डा दिनेश कुमार सोनी पी सी सी प्रकाश पाण्डेय एडो ब्लॉक अध्यक्ष गजेन्द्र तिवारी वरिष्ठ कांग्रेस नेता विवेक पाण्डेय जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी एडो बिद्या धर मिश्र एडोसुरेश पटेल मंत्री उमेश कुमार द्विवेदी रविराज सिंह एडो आशीष कुमार मिश्र नागेश पाण्डेय ननक ऊ प्रजापति कौशलेन्द्र गौड श्याम बाबू रशीद हैदर आदि मौजूद रहे।



## जलकुंभी से तालाबों का अस्तित्व मिटने के कगार पर मछली पालन हुआ दुश्वार

### मऊआइमा के अधिकांश तालाब जलकुंभी के कारण अपना वजूद खत्म कर दिए हैं

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा, प्रयागराज।** मऊआइमा क्षेत्र क्या हर जिला और शहरों में तालाबों का वजूद जलकुंभी खत्म करती जा रही है। बताया गया है कि जलकुंभी से मत्स्य पालक भी परेशान हैं। मऊआइमा क्षेत्र के अलावा हर गांव शहरों में तालाबों का अस्तित्व जलकुंभी के कारण मिटती जा रही है ।बताते हैं कि मत्स्य पालक जलकुंभी के कारण अब मछली पालन का धंधा बंद कर दे रहे हैं ।यही नहीं देशी मछलियों का वजूद भी खत्म होने के कगार पर पहुंच गया है। बताया जाता है कि जलकुंभी के कारण जलस्तर दिन ब दिन घटता जा रहा है ।हर वर्ष पानी अपने मूल स्थान से नीचे खिसक जाता है। जिससे जलस्तर नीचे होता जा रहा है ।यही नहीं देशी मछलियों का वजूद खत्म होते जा रहे हैं। बताया गया है कि जिन तालाबों में जलकुंभी भर जाती है यदि उसमें कोई मवेशी चला गया तो जिंदा निकलना मुश्किल हो जाता है। मत्स्य पालकों ने शासन और प्रशासन से जलकुंभी को नष्ट करने के लिए गांव गांव अभियान चला कर खत्म करने का उपाय हेतु चौपाल लगाने की मांग की है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणों ने किया प्रतिभाग

अखंड भारत संदेश




**सोरांव, प्रयागराज।** विकास खंड के असवा उर्फ हाजीगंज गांव में बुधवार को आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

जानकारी के अनुसार यह यात्रा विकास खंड के विभिन्न गांवों में जनवरी तक आयोजित की जायेगी। यात्रा के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सोरांव प्रदीप सरोज व विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी सोरांव सुनील कुमार पटेल रहे। तथा ग्राम विकास अधिकारी मोहम्मद साकिब ने बताया कि गांवों के कायाकल्प के लिए और उन्हें आदर्श गांव के रूप में विकसित करने के लिए शासन द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया गया है। ग्रामीणों को चाहिए कि वे योजनाओं की सम्यक जानकारी प्राप्त करते हुए उनका लाभ उठावें। तथा शासन की मंशा है कि आमजन को इन योजनाओं का लाभ पूरी शुचिता और पारदर्शिता के साथ दिया जाय। इस दौरान प्रभारी एडीओ पंचायत मुकेश मौर्य, सोरांव सचिव कौशल कुमार,ग्राम प्रधान प्रेम सत्यार्थी, संग गांव की दर्जनों महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे। इतना ही नहीं खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार पटेल ने बताया कि ग्रामीणों के गृहस्थी, उनके सामाजिक जीवन, व्यक्तिगत जीवन, कृषि, बच्चों की पढ़ाई लिखाई और स्वास्थ्य आदि विषयों को लेकर शासन द्वारा कई योजनाएं चलायी गयी हैं। इन सभी योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीणों की जीवनशैली को अच्छा बनाना है। इस दौरान मौजूद विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भी ग्रामीणों को उपयोगी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना,हर घर जल योजना, पेंशन योजना, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, कन्या सुमंगला योजना तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी।

## बाइक चोरी का स्थान बदल कर दर्ज किया गया मुकदमा

### मऊआइमा थाना परिसर से दो बाइकों की चोरी होने के बाद घटना स्थान बदल कर चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा, प्रयागराज।** मऊआइमा थाना परिसर के अन्दर से आए हुए दो फरियादियों कि एक दिन में दो बाइकें चोरी हो गई थी ।जिसे लेकर पुलिस को बहुत फजीहत झेलनी पड़ी थी ।सात दिन पर पुलिस ने चोरी का स्थान थाने से बाहर देखा कर मुकदमा दर्ज कर लिया।

मऊआइमा थाना क्षेत्र में चोरों का हौसला बुलंद है। चोरों के नेटवर्क का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वह थाने के अन्दर ही एक दिसम्बर को फरियादियों की दो बाइकें चोरी कर ले गए।थाना परिसर के अन्दर हुई चोरी से पुलिस की बडी फजीहत हो रही थी। बताया गया है कि मोहम्मद नौशाद पुत्र अब्दुल मजीद निवासी कटरादयाराम की बाइक भी थाने के अन्द से चोरी हुई थी। भुक्तभोगी से चोरी का स्थान पडाव चौराहा देखा कर अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ।इसी प्रकार ग्राम सराय अतन उर्फ नौगिरा निवासी शिवसागर पुत्र स्वर्गीय तीर्थराज की भी बाइक थाने से चोरी हुई थी। उससे भी फल की दुकान का स्थान देखा कर अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इंस्पेक्टर मऊआइमा वीरेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि बहुत जल्द चोरों का गिरोह पकड़ा जाएगा।

# किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर सौपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट पर नारेबाजी करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का शीघ्र निस्तारण की मांग की।

गुरुवार को गंगापार अध्यक्ष सुरेश यादव के नेतृत्व में पहुंचे कांग्रेसियों का कहना था कि वर्तमान सरकार में किसानों की समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। डीएपी व खाद के आसमान छूते भाव ने किसानों की कमर तोड़कर रख दी। प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी ने कहा किसानों को अनुदानित मूल्य पर खाद-बीज मुहैया कराने के लिए खोले गए कैम्प कार्यालय का भी कोई लाभ इन-?हें नहीं मिल रहा है ।जिला शहर कमेटी के प्रवक्ता हसीब अहमद ने कहा की यूरिया-डीएपी खाद के दाम में वृद्धि से किसान परेशान है। कुछ खाद दुकानों में निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर यूरिया-डीएपी की बिक्री की जा रही है। ऐसे में किसान काफी परेशान है। कांग्रेसियो ने दो सूत्री ज्ञापन में जल्द समस्या का समाधान किये जाने की मांग की। ज्ञापन देने वालो में सुरेश यादव, मुकुंद तिवारी, संजय तिवारी, हसीब अहमद, रजनीश विश्रामदास, रईस अहमद, अजय श्रीवास्तव, एतेश्याम अहमद, सुनील यादव, नदीम अहमद, राजबहादुर यादव, मकबूल अंसारी, संतोष दुबे, राधे श्याम, राममूर्ति प्रजापति, राकेश पटेल रंजीत सिंह, शिवम कुमार, सर्वेश यादव, धर्मेंद्र पटेल, मोहन तिवारी, छोटेलाल पटेल, अजीत कुशवाहा, संतोष सिंह, ओम प्रकाश बिंद, जितेश मिश्रा, लाल सिंह पटेल, महेंद्र प्रताप सिंह, बलवंत राव, रंजीत गुप्ता, विकास चौरसिया समेत आदि लोग मौजूद रहें।

## प्रमासपा की जनसभा व रैली 10 दिसंबर को

अखंड भारत संदेश

**सहसों, प्रयागराज।** प्रगतिशील मानव समाज पार्टी की भोपतपुर सहसों स्थित पार्टी कार्यालय पर कार्यकताओं की एक आवश्यक बैठक बुलाई की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय सचिव मौजी लाल बिन्द ने बताया कि पार्टी की एक जनसभा व रैली 10 दिसंबर रविवार समय 11 बजे काशीराज महाविद्यालय कॉलेज औराई जिला भदोही में की जाएगी। रैली को बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद बिन्द संबोधित करेंगे। जिसमें कार्यकताओं से भारी संख्या में पहुंचने का आवाहन किया गया है। बैठक में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष प्रयागराज राकेश कुमार जायसवाल, मदन चंद बिन्द, मोहनलाल बिन्द, लखपत केवट, गिरधारी लाल सरोज, मानसिंह बिन्द, राजेश बिन्द, गंगाराम बिन्द, ननकू बिन्द, कृष्णराज बिन्द, रामजतन बिन्द, वी पी परवाना एवं पूर्णवासी लाल बिन्द सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी माघ मेला ने माघ मेला के सकुशल सम्पन्न होने की मंगल कामना हेतु संगम तट पर किया गंगा पूजन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पतित पावनी गंगा-यमुना-सरस्वती के त्रिवेणी संगम के पावन तट पर गुरूवार को माघ मेला 2023-24 के सकुशल सम्पन्न होने की मंगल कामना हेतु मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरविंद चौहान, एसपी मेला राजीव नारायण मिश्र, डीसीपी नगर दीपक भूकर, प्रभारी अधिकारी माघ मेला दयानन्द प्रसाद, अपर मेलाधिकारी विवेक चतुवेर्दी तथा धमार्चार्यों के द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ गंगा पूजन किया गया।



मां गंगा से माघ मेला को सकुशल एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने की कामना की गयी। इस अवसर पर महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी भी गंगा पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। गंगा पूजन के पश्चात मण्डलायुक्त मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि माघ मेले को सकुशल एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत अपने विभाग से सम्बंधित कार्यों को पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए गए है। इस अवसर पर अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण, तीर्थपुरोहित एवं धमार्चार्यों के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# भाजपा वोटर चेतना महाअभियान के तहत मीरपुर में चला अभियान

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मीरापुर मंडल के कार्यकताओं ने किया जनसंपर्क पार्टी द्वारा चलाए जा रहे नएमतदाताओ को जोड़ने प्रवृष्टि सुधार एवम चले गए लोगो के नाम कटवाने के उद्देश्य से वोटर चेतना अभियान के तहत मंडल वोटर चेतना अभियान प्रमुख अनिल पांडेय के नेतृत्व में घर घर संपर्क किया गया एवम मतदाता फॉर्म भरवाए गए।

मतदाता सूची प्रमुख अनिल पांडेय ने बताया कि लगातार एक महीने के ऊपर से भी समय से फॉर्म भरवाने का कार्य किया जा रहा है एवम जनसंपर्क के माध्यम से भी फॉर्म भरवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जनसंपर्क में प्रमुख रूप से वार्ड अध्यक्ष सुभाष तिवारी, सेक्टर संयोजक अरुण निषाद, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा कनौजिया, एवम मीडिया प्रभारी मधुमिता नाथ, पुष्पा विश्वकर्मा, समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा शासन में धर्म का हो रहा है उत्थानः डा संगम मिश्र

### सोरांव गांव में आयोजित महादेव व महावीर सत्संग में पांचवे दिन शिरकत कर भाजपा नेता ने किया कथा का रसपान



अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मेजा तहसील क्षेत्र के सोरांव गांव में महादेव महावीर सत्संग समारोह के पांचवें दिन भी श्रद्धालुओं द्वारा भारी संख्या में पहुंचकर राम कथा का रसपान किया गया। कथा के दौरान स्वागतोपरांत भाजपा के वरिष्ठ नेता डा. संगम मिश्र ने रामायण पूजन कर कहा कि सनातन धर्म का ध्वज कोई झुका नहीं सकता। हमारे देश के प्रधानमंत्री मोदी व गृहमंत्री अमित शाह व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी द्वारा राष्ट्रहित में आम जनमानस के कल्याण के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। वहीं भाजपा के शासनकाल में धर्म का भी दिनों-दिन उत्थान हो रहा है। वह दिन अब दूर नहीं जब भाजपा के शासनकाल में सैकड़ों वर्षों से प्रतीक्षित राम मन्दिर का निर्माण अग्रसर है।शीघ्र ही रामलला अपने मंदिर में बिराजमान हो रहे हैं। जिसका हम सभी सनातनियों को गर्व है। भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. संगम मिश्र सोरांव के बाद डीहा, शुक्लन के पूरा, करछना में श्रीमद् भागवत कथा में प्रधानव्यास कुलगुरु आचार्य डॉ. पं. ध्रुव नारायण मिश्र जी के मुख से कथा सुनने पंहुचे। डॉ ध्रुव नारायण मिश्र ने डॉ. संगम मिश्र की भूरि -भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि डॉ संगम मिश्र पद में मेरे बाबा लगते हैं।आप इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी से प्रचार प्रसार में लगे हैं। आप लोग डॉ संगम मिश्र को यहां से सांसद बना कर दिल्ली भेजने काम करें। डॉ संगम मिश्र तन-मन से सेवा करेंगे। डॉ संगम मिश्र ने भी लोगों को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं के विषय में लोगों को जानकारी दी एवं शास्त्रोक्त बातों को कहा। कथा सुनने के लिए बहुत बड़ी संख्या में लोग आए हुए थे।इनमें मुख्य रूप से एस. के. तिवारी डायरेक्टर सेंट्रल एकेडमी स्कूल प्रयागराज,शंकर देव त्रिपाठी प्रांत संस्कृत प्रमुख विश्व हिंदू परिषद काशी प्रान्त, वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप शुक्ला, एस. विक्रम त्रिपाठी, राजाराम चौधरी, लोलारक शुक्ला, सुरेश कुमार शुक्ल, आकाश आदि वरिष्ठ लोग मौजूद रहे।

## श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ रविवार से

अखंड भारत संदेश

**सहसों, प्रयागराज।** क्षेत्र के गुलालपुर में सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। जो 10 दिसंबर रविवार से प्रारंभ होकर 16 दिसंबर शनिवार तक कथा व्यास श्री अभयेश्वर प्रपन्नाचार्य जी महाराज की अमृतमई वाणी से कथा का श्रवण कराया जाएगा। तत्पश्चात 17 दिसंबर रविवार को हवन यज्ञ एवं श्री गया जी का महाप्रसाद एवं भंडारा का आयोजन किया गया है। कथा श्रवण का समय अपराह्न 2 बजे से सायंकाल 5 बजे तक प्रतिदिन रहेगा। उक्त आशय की जानकारी मुख्य यजमान पंडित वेदमणि त्रिपाठी प्रबंधक एवं पंडित शिव प्रकाश तिवारी प्रधानाचार्य ने दी है।

# जिलाधिकारी के आदेश के बाद शुरू की गई ओवर लोड ट्रैकों पर कार्यवाही

अखंड भारत संदेश

**जारी, प्रयागराज।** ओवरलोड वाहनों का निकलना बंद नहीं हो रहा है लिहाजा अरबों की लागत से बनाई गई नेसनल हाइवे की आर सी सी रोड जगह जगह पर क्षतिग्रस्त लगी है। वाहनों की निर्धारित क्षमता से अधिक रेत और गिट्टी भरकर निकलने वाहनों के कारण दिलीप बिल्डिकान कंपनी द्वारा बनी रोड जगह जगह धस गई है और रोड में डेढ़ से 2 इंच की दरारें भी दिखाई देने लगी है बात यह है कि वकीलों पत्रकारों एवं समाज सेवियों द्वारा द्वारा समय समय पर ओवरलोड वाहनों पर रोकने के लिए ज्ञापन भी दिए गए।



शिकायतें की गईं लेकिन कार्रवाई केवल कागजों पर ही सीमित दिखाई दे रही।क्षमता से अधिक मटेरियल भरकर निकलने वाले डंपर, ट्रक और ट्रैक्टरों पर निरंतर कार्रवाई नहीं होती है। कभी कभार ही एक-दो ट्रेक्टर, डंपरों को पकड़कर थाने में खड़ा कर दिया जाता है। लगातार कार्रवाई न होने से ओवरलोड वाहनों का निकलना बंद नहीं हो रहा है। इससे शासन का करोड़ों रुपया जो कि सड़कों के निर्माण में लगाया गया, बर्बाद हो रहा । खराब हो रही रोड एवं बढ़ती दुर्घटनाओं के कारण उत्तर प्रदेश योगी सरकार में ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही इसके बावजूद भी रोड पर प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या ओवरलोड ट्रक भारी संख्या में देखी जा रही है स्थानीय प्रशासन की सभी कर छुटपुट कार्रवाई करके कोरम पूर कर लेती है ओवरलोड वाहनों के निकलने से टोल प्लाजा की भी मोटी कमाई की बात सामने आई है अभी हाल में ही पत्रकारों द्वारा ओवरलोड वाहनों के खिलाफ खबर लगाने पर हर्रो रोड टोल प्लाजा के कर्मचारियों द्वारा पत्रकारों एवं वकीलों से अभद्रता की गई जिससे पत्रकारों और वकीलों ने जिला अधिकारी प्रयागराज नवनीत चहल द्वारा आरटीओ प्रयागराज के कर्मचारियों को नियमित रूप से ओवरलोड वाहन पर अंकुश लगाने की निर्देशित किया लिहाजा दो दिन पहले करीब 50 गाड़ियों का चालान किया गया जिससे ओवरलोड ट्रक संचालकों में अफरा तफरी का माहौल रहा। कुछ लोगों द्वारा बताया गया कि क्षेत्र में ओवरलोड पासर गैंग के इशारे पर चलाई जा रही है जिनका निश्चित कोट वर्ड होता है उसी कोट वर्ड के सहारे टोल प्लाजा पार करते हुए आगे को जाती हैं । जिलाधिकारी द्वारा दिए गए आदेश के तहत रात्रि 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक ओवरलोड ट्रैकों पर निगरानी रखी जाएगी अब देखने की बात यह है कि आरटीओ विभाग ओवरलोड ट्रैकों पर कितनी और कब तक निगरानी रखता है।

# आज भी गुरुकुल वैदिक परंपरा प्रासंगिकः शांतनु जी महाराज

### अभिमन्यु शाखा पार्क में सेवा भारती प्रयागराज विभाग की ओर से आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा का तीसरा दिन

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी अभिमन्यु शाखा पार्क में सेवा भारती प्रयागराज विभाग की ओर से आयोजित नौ दिवसीय श्री रामकथा अमृत वर्षा के तीसरे दिन गुरुवार को कथावाचक आचार्य शांतनु जी महाराज ने महाराज ने भारत के प्राचीन महान वैदिक गुरुकुल शिक्षा परंपरा के ऊपर प्रकाश डाला कि भगवान चारों भाइयों के सहित गुरुकुल में पढ़ने गए इसलिए आज भी वह गुरुकुल वैदिक परंपरा प्रासंगिक है क्योंकि आज हम शिक्षित तो बना पा रहे हैं।



समझदार नहीं। शिक्षा और समझदारी में अंतर है और नए भारत का निर्माण यदि करना है तो शिक्षा के साथ संस्कार की भी अत्यंत आवश्यकता है। हम आने वाली पीढ़ियों को पैसे कमाने की मशीन बना रहे हैं और ऐसे बालक कभी भी अपने माता पिता, परिवार, समाज, राष्ट्र महत्व नहीं समझते, अतः भारत को यदि पुनः स्थापित करना है इन छोटी छोटी बातों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। शांतनु जी महाराज ने तृतीय दिवस की कथा जन्मोत्सव की बधाई के साथ प्रारंभ किया। महाराज ने बताया जब भगवान प्रगट हुए तो देवता भी आकाश मार्ग से पुष्प की वर्षा करने लगे और अयोध्या के नागरिक भगवान के दर्शन के लिए दौड़ पड़े। इसी प्रसंग के अंतर्गत महाराज ने अयोध्या वासियों का उदाहरण देकर भगवान के दर्शन की आचार संहिता बताई कि से किया।

विश्वामित्र यज्ञ रक्षा के प्रसंग में महाराज ने बताया कि भगवान विश्वामित्र जी के साथ जाकर उनके यज्ञ की रक्षा करते हैं अर्थात जिस को भी अपने जीवन रूपी यज्ञ कि यदि की रक्षा करना है उसको राम और लक्ष्मण अवश्य साथ रखने होंगे राम यानी सत्य लक्ष्मण यानी वैराग्य त्याग समर्पण तो जीवन में सत्य की सुगंध भी आनी चाहिए।

वैराग्य समर्पण भी बनना चाहिए। भगवान ने मां अहिल्या का उद्धार किया है। अहिल्या प्रसंग को समझाते हुए महाराज ने कहा जीवन में जब भी कोई पाप हो जाए छुपाना नहीं चाहिए। पाप छुपाने से भारी होता है। आपको किसी ना किसी गुरु संत सम्मुख प्रकट करना चाहिए तो आप की रक्षा हो जाएगी। अहिल्या जी का उद्धार कर भगवान गंगा जी की महिमा गुरुदेव विश्वामित्र जी के मुख से सुनते हैं। महाराज ने कहा कि गंगा गीता गौरी गायत्री यह भारत के प्राण की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। तीसरे दिन के यजमान सेवा भारती प्रयागराज विभाग प्रमुख सुजीत सिंह, समाजसेवी सुधीर शर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष अरवल बिहार, मंटू सिंह, बबलू सिंह, विनय सिंह, मोनू सिंह, राजेश साहू, डॉ संदीप पाल, बच्चा विश्वकर्मा, डॉ हरेश प्रताप सिंह, जितेंद्र शर्मा, डॉ विनीत के द्विवेदी, गुरुप्रसाद राव, पार्षद पवन यादव, जयप्रकाश यादव, रमेश नेगी, सहित बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

## जनपद न्यायालय व समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 दिसंबर को

### राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना वाद, राजस्व संबंधी बैंक के ऋण संबंधी वाद, विद्युत संबंधी वाद, फौजदारी वाद, आपसी सुलह समझौते के आधार पर होने वाले समस्त वादों का किया जाएगा निस्तारण

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के तत्वाधान में 09.12.2023 को प्रात 10:00 बजे से जनपद न्यायालय, प्रयागराज व समस्त तहसील में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा ' जिसमें पारिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना वाद, राजस्व संबंधित वाद, बैंक के ऋण संबंधी वाद, विद्युत संबंधी वाद, फौजदारी वाद, आपसी सुलह समझौते के आधार पर होने वाले समस्त वादों का निस्तारण किया जाएगा 'माननीय संतोष राय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों का निस्तारण कोविड 19 को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा समस्त वाद कारियो से अनुरोध है कि वे अपने मुकदमों के तस्दीक अधिवक्ता के द्वारा उचित माध्यम से लोक अदालत के आयोजन से पूर्व संपन्न करा ले जिससे उनके मुकदमों का निस्तारण किया जा सके। यह जानकारी सुभाष चंद्र मौर्य सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की गई ।

## जिला स्तर पर नमो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**मांडा, प्रयागराज।** भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर और प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह के नेतृत्व में किसान मोर्चा द्वारा यमुनापार में जिला स्तर पर नमो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 6 दिसंबर को किया गया।

जिसमें मंगला प्रसाद इंटर कॉलेज बामपुर, चकडीहा, कोरांव, करछना आदि जगहों की टीमों ने प्रतिभाग किया । कबड्डी प्रतियोगिता बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज करछना में आयोजित किया गया जिसमें भाजपा युवा नेता डॉ मुकेश कुशवाहा (नायक हॉस्पिटल) की देखरेख में हुआ । इस कबड्डी प्रतियोगिता में चकडीहा गांव की लड़कियों की टीम ने बाजी मारी जिसमें सानिया कुशवाहा, नंदनी



पांडेय, सुहानी पटेल, नीतू, चंदा, खुशी, संजना मिश्रा, आंचल गुप्ता, काजल गुप्ता, को, सोनम आदि लड़कियों ने भाग लिया था।

वहीं दूसरी तरफ लड़कों की टीम मंगला प्रसाद इंटर कॉलेज बामपुर मांडा , प्रयागराज से नीतीश कुमार, अवनीश (कप्तान), विवेक, उपेंद्र कुमार, अजीत पटेल, विनोद, शिवांश, शुभम, कोमल, विजय, अवधेश, अनूप ने प्रतिभाग कर कबड्डी ट्राफी अपने नाम किया । खेल के संयोजक जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा अरुण कुमार सिंह रहे । टीम का संचालन गीता कुशवाहा ने किया । विजेता टीम को क्षेत्रीय लोगों ने सराहना की।

# पोलियो टीकाकरण से एक भी बच्चा न छूटेः डा.बब्लू सोनकर

अखंड भारत संदेश

**मेजा, प्रयागराज।** 11 से 15 दिसंबर तक घर-घर जाकर सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाना सुनिश्चित करें। उक्त बातें प्रभारी अधीक्षक डा.बब्लू सोनकर ने कहा कि अभियान से कोई भी बच्चा वंचित नहीं रहना चाहिए। इस संबंध में गुरुवार को मेजा स्थित सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में पल्स पोलियो कार्यक्रम को लेकर एक बैठक हुई। बैठक के दौरान पल्स पोलियो कार्यक्रम को सफल बनाने के मद्देनजर सुपरवाइजर और टीम के सदस्यों आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री और आशा को कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में 10 से



15 दिसंबर तक होने वाले पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर आवश्यक विचार-विमर्श किया गया।

टीकाकरण के बाबत किए जाने वाले रिपोटिंग को लेकर विशेष चर्चा की गई। साथ ही सुपरवाइजरों को समय पर प्रतिवेदन कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया। मेजा ब्लॉक को 18 सेक्टरों में विभाजित किया गया है,जिसमें 18 सुपरवाइजर जिम्मेदारी निभायेंगे।एक सुपरवाइजर के साथ 3 टीम और एक टीम में 3 सदस्य कार्य करेंगे। मौके पर डब्ल्यूएचओ के फील्ड मॉनिटर दीप चंद्र जायसवाल, ब्रजेंद्र कुमार, बीपीएम सुमन कुशवाहा सहित समस्त आशा मौजूद रहीं।

## नैनी से चलेगी इटारसी एक्सप्रेस एक जनवरी तक

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी स्टेशन से चलेगी इटारसी एक्सप्रेस एक जनवरी तक। प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस का संचालन अब एक जनवरी तक छिवकी रेलवे स्टेशन के बजाय नैनी रेलवे स्टेशन से होगा। छिवकी स्टेशन के प्लेटफॉर्म चार पर वाशेबल एप्रन का कार्य, पावर एवं ट्रैफिक ब्लॉक लिया जा रहा है। इसी वजह से गाड़ी संख्या 11273-11274 इटारसी-प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस का संचालन नवंबर से प्रयागराज छिवकी के स्थान पर नैनी स्टेशन से हो रहा है। अब इसे बढ़ा दिया गया है। गाड़ी संख्या 11273-11274 प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस नैनी स्टेशन से आएगी और जाएगी।

## बारिश से धान की फसल हुई तबाह, किसान चिंतित

अखंड भारत संदेश

**मांडा, प्रयागराज।** मांडा क्षेत्र में बीते दो दिनों से रुक रुक कर हो रही हल्की बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। इस मौसम से रबी की बुवाई काफी प्रभावित हो रही है साथ ही खेत व खलिहानों में पड़ी धान की फसल भी बर्बाद हो गई है। इससे उनका नुकसान होना तय है। मांडा क्षेत्र के गिरधरपुर के किसान बैजनाथ पांडेय,ने बताया कि हम लोगों ने समय से अपनी फसल काट चुके हैं। वही भरथीपुर के किसान लक्ष्मण सोनकर उर्फ पुल्लू ने बताया कि धान की फसल खलियान मे पड़ा है जो बारिश से भीग रही है। इससे काफी नुकसान होने से कई किसानो चिंता जताई है। उधर किसान गेंहू की बुआई नही कर पा रहे है। इलाके में अभी तक पचास फीसद तक ही फसल किसानों के घर पहुंच पाई है।और यही हाल क्षेत्र के उचडीह, हाटा,पियरी, रामपुर बखार के किसानो ने बारिश को लेकर चिंता व्यक्त की।

# सुलमई पंचायत सचिवालय में लाखों के उपकरण चोरी

अखंड भारत संदेश

बंद पड़े पंचायत सचिवालय में चोरों लाखों रुपए का सामान उठा ले गए

**करछना, प्रयागराज।** विकास खंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत सुलमई में बने पंचायत सचिवालय में चोरों ने बिजली के उपकरण समर सेबल मोटर सीसीटीवी कैमरे फर्नीचर आदि कयी उपकरण पर हाथ साफ कर दिया घटना के तीन-चार दिन बाद जानकारी होने पर पुलिस में शिकायत की गई है बताया गया कि ग्राम पंचायत सुलमई में पंचायत सचिवालय कई दिनों से बंद पड़ा था जिसके अंदर बिजली के उपकरण वायरिंग केबल मोटर समरसेबल फर्नीचर आदि लाखों रुपए का सामान पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया घटना के कई दिन बाद पंचायत भवन खुलने पर यह जानकारी हुई तो प्रधान द्वारा संबंधित पुलिस स्टेशन पर चोरी की घटना अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत की गई।



## भारतीय पत्रकार महासंघ की बैठक 10 फरवरी को

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की कुंडा तहसील इकाई के सदस्यों की एक आवश्यक बैठक रविवार 10 दिसंबर को कुंडा डाक बंगला में आहूत की गई है। जिसमे सक्रिय नये सदस्यों को जोड़कर उनको जिम्मेदारी देते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए सद्स्यो को उनकी काबिलयत के अनुसार जिम्मेदारी दी जाएगी। उक्त आशय की जानकारी कुंडा तहसील प्रभारी डॉ विजय यादव ने सभी ग्रामीण क्षेत्रो के पत्रकारों से बैठक में 11 बजे पहुंचने की अपील की है। संगठन के सभी पत्रकार सदस्य समय से पहुंचर्क संगठन को अपनी कलम की ताकत से मजबूत करें।

# झण्डा दिवस पर चार शहीदों के परिजनों को डीएम ने किया सम्मानित

## सैनिक कल्याण बोर्ड में डीएम ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** झंडा दिवस के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण बोर्ड में जिलाधिकारी राजीव रंजन व कमांडर दिनेश मिश्रा और गौरवशाली सैनिक संगठन के तमाम पदाधिकारियों ने कार्यालय में बने शहीद स्थल पर पुष्प चक्र व श्रद्धा सुमन अर्पित कर शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि दी।

एनसीसी के कैडेटों ने भी बढ़ चढ़कर सहभागिता की तत्पश्चा कमांडर दिनेश मिश्रा ने सम्मानित सैनिक झंडा के स्टीकर को जिला अधिकारी को लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।



शहीद के परिजनों के बीच जिलाधिकारी संजीव रंजन।

इस दौरान जिले के चार शहीदों के परिजन चिरौंजी देवी पत्नी हरी विलास भारत चीन, गुड़िया देवी पत्नी विजय शुक्ला विजय ऑपरेशन कारगिल, शमीमा बानो पत्नी पत्नी हवलदार मोहम्मद इसरार व सुजाता सिंह पत्नी नायक सूबेदार सुधाकर सिंह परिजनों को जिला अधिकारी ने अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया और उनसे हाल-चाल पूछा एवं अपने वक्तव्य में पूर्व सैनिकों के परिजनों को किसी भी प्रकार की समस्या को हर संभव दूर करने का प्रयास किया जाएगा एवं पूर्व सैनिकों द्वारा प्रत्येक मासिक बैठक में किसी भी उच्चाधिकारी की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। इस शुभ अवसर पर सभा का संचालन संगठन के महासचिव राम असारे सिंह ने किया। सभा में शामिल रहे संगठन के अध्यक्ष ओंकार नाथ शर्मा, कैप्टन प्रमोद पांडे, सूबेदार मेजर सुनील शर्मा, सूबेदार संतलाल, कैप्टन एमपी मिश्रा, कमल सिंह व किरण सिंह आदि रहे।

# मौत को दावत दे रहा सड़क किनारे खोदकर छोड़ा गया गड्ढा

## तीन दिनों से सीवर पाइप का खुला पड़ा है गड्ढा

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** परियावां लवाना मार्ग से जुड़ा पाईकगंज बाजार मे विगत 3 दिनों से जल निगम के जेई द्वारा पानी सीवर पाइप लाइन का लीकेज पानी को बंद करने के लिए खोद कर खुला गड्ढा छोड़ दिया गया है जो अभी तक सही नही किया गया सड़क किनारे खुले गड्ढे को छोड़ देने से बाजार मे आवागमन बाधित हो रहा है जिससे वाहनों का दोनो तरफ आने जाने पर जाम लग जाता है रात मे स्पीड से चलने वाले दो व चार पहिया के वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो सकते है।



मौत को दावत दे रहा खुला गड्ढा।

पानी की पाइप लाइन के लीकेज होने से पानी की सप्लाई बाधित है। पूछने पर जल निगम के लेवरो ने बताया कि लीकेज पाइप का शाकिट लखनऊ से आने पर पानी सप्लाई शुरू होगी उसके बाद खोदा गया गड्ढा को बंद कर दिया जायेगा।

तीन दिनों से खोदा गया गड्ढा अभी तक बंद नही किया गया जिससे दिन या रात मे किसी समय बड़ी अनहोनी घटना होने से इंकार नही किया जा सकता। बाजार के ब्यापारी सुनील कुमार, सुधीर कुमार, भोला अग्रहरी, प्रदीप जायसवाल, लाला, मनीष ओझा, बिल्लू गुप्ता, रवी गुप्ता विजय, संजय, भरत जी, सचिन, आदि लोगो ने जल निगम के अधिशाषी अभियंता प्रतापगढ़ व जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आक्रस्ट कराया है।

# संत एंथोनी इंटर कालेज में छात्रों को किया गया जागरुक

## छात्र-छात्राओं ने लिया प्रश्नोत्तरी सत्र में हिस्सा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन के आदेशानुसार उप शिक्षा निदेशक/जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ सरदार सिंह द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में संत एंथोनी इंटर कालेज प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज बरहदा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह, प्रधानाचार्य संत एंथोनी इंटर कालेज प्रतापगढ़ फादर आनंद कुमार जॉन व डॉ मो अनीस के संयोजन में माउंटेनियर, पैदल विश्व भ्रमण के सदस्यों के चार सदस्यीय दल अवध बिहारी लाल, जितेंद्र प्रताप, महेंद्र प्रताप, गोविंदा नंद द्वारा समस्त स्टाफ तथा विद्यार्थियों से अपने अनुभव साझा किए।



संत एंथोनी इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण।

इस दौरान मिशन शक्ति, मतदाता जागरूकता, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया तथा विद्यार्थियों से प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन किया, जिसमे विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया एवम अपना ज्ञानवर्धन किया। इस अवसर पर उप शिक्षा निदेशक/जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय द्वारा सभी को मतदाता शपथ दिलाई गई तथा चुनावों में सहभागिता हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जॉन खुजुर, राजेश मिश्रा, शौकत अली सहित समस्त स्टाफ तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मयार्दा पुरुषोत्तम राम की कथनी और करनी में कोई नहीं अंतरः इंदिरा रमणाचार्य

## देवली में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ में बोलते स्वामी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** संत निवास परसन पांडे का पुरवा सेनानी ग्राम देवली में श्री जगन्नाथ पुरी से पधारे परम पूज्य श्री श्री 1008 स्वामी इंदिरा रमणाचार्य पीठाधीश्वर श्री जीयर स्वामी मठ जगन्नाथ पुरी ने धमार्चार्य ओम प्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुज दास एवं नारायणी रामानुजदासी को श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह श्रवण कराते हुए कहा कि जो लोग काल सत्य की प्रेरणा से अपने कर्म के अनुसार युद्ध करते हैं उन्हें जीत या हार यश या अपयश अथवा मृत्यु मिलती ही है। इसीलिए ज्ञानीजन इस जगत को काल के आधीन समझ कर न तो विजय होने पर हर्ष से फूल उठते हैं और ना तो अपकीर्ति



श्रीमद् भागवत कथा कहते स्वामी इंदिरा रमणाचार्य।

हार अथवा मृत्यु से शोक के ही वसीभूत होते हैं।

भगवान के अवतारों का वर्णन करते हुए आपने कहा कि जब-जब धर्म की हानि होती है। असुरों का साम्राज्य बढ़ता है तब तब भगवान इस पृथ्वी और जीवों के कल्याण के लिए स्वयं अवतरित होते हैं। भगवान ने चैवीस अवतार लिया वाराह कूर्म नृसिंह मत्स्य वामन परशुराम बलराम राम कृष्ण के अनेक रूपों में अवतार लिया, किंतु आपका दो अवतार विशेष रूप से ब्राह्मण गाय देवताओं और संतों के कल्याण के लिए हुआ। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने राजा दशरथ के यहां अवतार लेकर मनुष्यों को राजा को प्रजा के प्रति भाई को भाई के प्रति पुत्र को माता पिता के प्रति मित्र को मित्र के प्रति तथा शत्रु को शत्रु के प्रति कैसे व्यवहार करना चाहिए स्वयं करके दिखाया। प्रभु श्री राम की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं था जो वचन उन्होंने जिसको दिया उसको पूर्ण किया। प्रभु श्री राम जी साक्षात आनंद के समुद्र हैं। आपने रामराज्य स्थापित करके प्रजा के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। जो व्यक्ति ज्ञान के अभिमान में पागल होकर भक्ति का आदर करना छोड़ देते हैं उन ज्ञानाभिमानियों को ब्रह्म लोक के पदों को प्राप्त करने के बाद भी गिरते हुए देखा गया है। इसलिए सदैव भगवान की लीलाओं का स्मरण करना चाहिए चिंतन करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वामी राम प्रपन्नाचार्य नैमिषारण्य शिव प्रकाश मिश्रा सेनानी संतोष भगवान संपादक दैनिक लोकमित्र डॉ गोकुलनाथ श्रीवास्तव संतोष पांडे पत्रकार अनिल त्रिपाठी प्रवात दिनेश सिंह आचार्य मुकेश बी पी त्रिपाठी लक्ष्मी मिश्रा अनीता पांडे प्रमोद दुबे सहित अनेक भक्तों ने पूजन अर्चन करते हुए कथा श्रवण किया।

## विशेषज्ञ इंजीनियर ने खोला अपना कार्यालय

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ शहर में आज कल इन दिनों छोटे-छोटे अच्छे मकान व प्रतिष्ठान बनाने का काम विशेषज्ञ इंजीनियरों द्वारा किया जा रहा है। इसी प्रकार के एक विशेषज्ञ इंजीनियर गौरव त्रिपाठी ने भंगवा चुंगी के निकट मिथिलेश एसोसिएट्स के नाम से अपना कार्यालय खोला है जिसका उद्घाटन तिलक इंटर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य इंद्रमणि त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर ग्रामीण इंटर कालेजेज के अध्यक्ष पं0 श्याम किशोर शुक्ल, तिलक इंटर कालेज के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार तिवारी के अलावा महेन्द्र त्रिपाठी, संतोष पाण्डेय, आलोक त्रिपाठी, गिरजाशंकर उपाध्याय, प्रकाश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। बता दें कि गौरव त्रिपाठी इसके पूर्व अमेठी में इसी तरह का कार्य कर रहे थे लेकिन उन्होंने अपने गृह जनपद में तकनीकी जानकारी देने के लिये कार्यालय खोला।

# नौ दिसम्बर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजनः अपर जिला जज

## सुलह समझौते से निस्तारण हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत को कराएं संदर्भित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल ने बताया है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद के कुशल मार्गदर्शन में 09 दिसम्बर 2023 दिन शनिवार को पूर्वान्ह 10 बजे से जनपद न्यायालय के साथ-साथ सम्पूर्ण जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

इसमें विशेष रूप से बैंक के लम्बित मामले प्री लिटिगेशन स्तर पर निस्तारित किये जाएंगे। इसके अतिरिक्त आपराधिक शमनीय वाद, एन0आई0एक्ट की धारा 138 के वाद, बैंक वसूली, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, पारिवारिक वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद, राजस्व, दाखिल खारिज, वरासत, खतौनी व बेदखली, चकबन्दी, श्रम, स्टैम्प आदि अन्य मामलों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया जायेगा।

उन्होंने समस्त वादकारियों व अधिवक्ताओं को सूचित किया है कि वे जनपद न्यायालय, परिवार न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, स्थायी लोक अदालत, उपभोक्ता फोरम, कलेक्ट्रेट न्यायालयों, तहसीलों व खण्ड विकास कार्यालयां, नगर पंचायत कार्यालयों, बिजली से सम्बन्धितमामले, ई चालानी से सम्बन्धितमामले, बाट माप से सम्बन्धित मामले, खनन से सम्बन्धि तमामले व जनपद के अन्य न्यायालयों अथवा विभागों में लम्बित मामलों को सुलह समझौते से निस्तारण हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत को सन्दर्भित कराएं। उन्होने बताया है कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किये जाएंगे। लोक अदालत मामलों के निस्तारण का सर्वोत्तम माध्यम है, जिसमें धन और समय दोनों की बचत होती है एवं इसमें न तो किसी पक्ष की हार होती है और न ही जीत होती है तथा मामले त्वरित गति से निस्तारित होते है। उन्होने सभी वादकारियों व अधिवक्ताओं को सूचित किया है कि वे अपने मामलें के निस्तारण हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 09 दिसम्बर 2023 में अपने मामलों को सन्दर्भित करायें व अपने मामले का निस्तारण करवायें तथा जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके।

# अधिकारी व कर्मचारी निर्वाचक नामावली में नाम अवश्य शामिल कराएंः एडीएम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने समस्त कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष से कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कराए जाने का कार्यक्रम गतिमान है। आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 27 अक्टूबर से 9 दिसम्बर 2023 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगे। इस संबंध में अवगत कराना है कि जनपद भर में विभिन्न माध्यमों से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन करते हुए जनपदवासियों को जागरूक किया जा रहा है ताकि आयोग द्वारा निर्धारित तिथि तक कोई भी मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकृत कराने से न रह जाए।

उन्होंने बताया है कि अंग्रेजी में प्रसिद्ध कहावत है कि चैरिटी बिगिंस एट होम अर्थात किसी भी अच्छे कार्य की शुरूवात सर्वप्रथम स्वयं के स्तर से होती है। इसलिए यह आवश्यक है कि जनपद में अवस्थित समस्त शासकीय कार्यलयों के सभी अधिकारी और कर्मचारी यह सुनिश्चित करने कि उनका एवं उनके परिवार के समस्त सदस्यों का नाम निर्धारित अवधि के अंदर निर्वाचक नामावली में अवश्य सम्मिलित हो जाए तथा यदि सभी सदस्य पूर्व से ही मतदाता सूची में है तो अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य चेक कर लें ताकि ससमय अपेक्षित अग्रिम कार्यवाही यदि कोई हो, करते हुए मतदान दिवस को अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 समाप्त होने में मात्र एक सप्ताह से भी कम समय है।

## कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के लिये 17 तक करें आनलाइन आवेदन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ज्योति त्रिवेदी ने बताया है कि पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों के लिये निःशुल्क ओ-लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना संचालित की जा रही है। इसमें ऐसे आवेदक पात्र होंगे जो इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण होंगे एवं उनके अभिभावक की वार्षिक आय रुपए 1 लाख से कम होगी और प्रशिक्षणार्थी की आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये व जनपद का मूल निवासी हो एवं प्रशिक्षणार्थी बेरोजगार हो तथा किसी शिक्षण संस्था से छात्रवृत्ति न ले रहा हो। प्रशिक्षणार्थियों का चयन कक्षा-12 के प्राप्तांक के आधार पर चयन समिति द्वारा किया जायेगा। ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु पिछड़ा वर्ग के इच्छुक अभ्यर्थी 17 दिसम्बर 2023 तक आनलाइन आवेदन कर सकते है। आनलाइन आवेदन के उपरान्त आवेदन पत्र की प्रति एवं समस्त अभिलेखों/विवरणों (आय, जाति, आधार, प्रमाण पत्र एवं अन्य शैक्षिक अभिलेख) को स्वप्रमाणित करते हुये उसकी समस्त हार्डकापी दो प्रतियों में कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रतापगढ़ में विलम्बतम दिनांक 18 दिसम्बर 2023 तक सायं 5 बजे तक जमा किया जायेगा। अभ्यर्थी आनलाइन आवेदन वेबसाइट पर कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी से सम्पर्क करें।



जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में मौजूद विधायक व अतिथिगण।

# रंगोली प्रतियोगिता में दिव्यांशी व चित्रकला में नर्गिश रही अव्वल

## जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** समग्र शिक्षा अभियान में समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन स्टेडियम और राजा दिनेश सिंह सभागार मे किया गया। कार्यक्रम का सुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ मुख्य अतिथि विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल एवम कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह के द्वारा किया गया।

इसमें रंगोली प्रतियोगिता मे दिव्यांशी प्रथम, अदिति द्वितीय, आरती तृतीय, चित्रकला प्रतियोगिता में नर्गिश प्रथम, अरमान द्वितीय, हर्ष यादव तृतीय, मेहंदी प्रतियोगिता खुशबू मूकबधिर प्रथम, गौरी दितीय, आंचल तृतीय, जलेबी दौड़ आरती प्रथम, रिशु द्वितीय, फुरकान आईडी तृतीय, सुलेख प्रतियोगिता श्रेया प्रथम, शचेंद्र द्वितीय, सतीश स्ट तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता आयोजित होने के उपरांत पुरस्कार स्टील के बर्तन मे प्रथम आए बच्चों को टिफिन, द्वितीय आए बच्चों को भोजन प्लेट,तृतीय आए बच्चों को नाश्ता प्लेट वितरित की गई स सभी बच्चों को चॉकलेट व लंच वितरण कर नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय ने आशीर्वाद के साथ कहा कि इन बच्चों की प्रतिभा को देखकर मंत्र मुग्ध हो जाते हैं की इन बच्चों में आईएएस पीसीएस उच्च अधिकारी बनने की क्षमता छिपी हुई है बच्चों को मेरे द्वारा प्रत्येक सुविधा दी जाएगी। विधायक द्वारा बच्चों को आशीर्वाद वचन दिया। उपरोक्त कार्यक्रम के क्रम में जिला समन्वयक शालिनी मिश्रा जी द्वारा सभी अतिथिगणों का आभार प्रकट किया गया तथा दिव्यांग बच्चों को आशीर्वाद वचन देते हुए आए हुए अभिभावकों का आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष शिक्षक दीपशिखा सिंह, सुप्रिया सिंह, रीता मिश्रा, मनीष कुमार पाठक,हिमांशु मिश्रा, रामसूरत यादव एवं समस्त विशेष शिक्षक का विशेष योगदान रहा।

# रेड़ीगारापुर में धान क्रय केंद्र के सक्रिय न होने से किसान परेशान

## क्रय केंद्र पर पहुंचे एसडीएम पट्टी, दिया आश्वासन

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** धान क्रय केंद्र पर तेजी लाने के लिए सरकार का लाख प्रयास भी मंसूबे पर परवान नहीं चढ़ रहा है। कई धान क्रय केंद्रों पर खरीद में लापरवाही नजर आ रही है। पट्टी तहसील क्षेत्र के रेडीगारापुर बाजार में स्थित धान क्रय केंद्र पर ना तो कोई बैनर लगा है ना ही कोई कर्मचारी ही वहां पर नजर आता है जिससे यहां के आसपास के किसान परेशान है।

सरकार एक तरफ किसानों को फसल का समर्थन मूल्य दिलाने के उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में कई केंद्र खोल दिया। सरकार की मंशा थी कि इससे किसानों को दूर नही भटकना होगा और उन्हें समर्थन मूल्य का लाभ भी मिलेगा तथा वे बिचैलिए व्यापारियों से भी निजात पा सकेंगे। समर्थन मूल्य के लिए धन की प्रक्रिया भी शुरू हुई लेकिन धान क्रय केंद्रों की निष्क्रियता से किसान बिचैलियों तथा व्यापारियों संपर्क साध करके धान बेचने के लिए मजबूर दिखाई दे रहे हैं। कई किसान तो ऐसे हैं जिन्होंने पंजीकरण तो कराया है लेकिन धान क्रय केंद्रों पर उनका धान नहीं तुला जा रहा है। पट्टी के रेडीगारापुर धान क्रय केंद्र पर ना तो कोई बैनर लगा है नहीं यहां पर धान खरीदने के लिए कोई कर्मचारी दिखाई देता है जिससे किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता है रूर गांव के रहने वाले पूर्व बीडीसी समाजसेवी दिनेश सिंह का कहना है कि किसान बिचैलिए को अपना धान बेचने के लिए मजबूर नजर




क्रय केन्द्र पर मौजूद किसान की भीड़।

आ रहे हैं। उन्हें समर्थन मूल्य का लाभ नहीं मिल पा रहा है जिससे किसान परेशान है। उधर किसानो ने इस सम्बंध में गुरुवार को पट्टी एसडीएम देश दीपक सिंह से मिलकर समस्या के बारे में अवगत कराया जिस पर समस्या को संज्ञान में लेते हुए उपजिलाधिकारी पट्टी एसएमआई मंगरौरा दिनेश प्रताप सिंह के साथ किसान सेवा सहकारी समिति रेड़ीगारापुर पहुंच गए वहां पर दर्जन भर किसान इकट्ठा हो गए और अपनी समस्या बताई। किसानों ने बताया कि यहां पर किसानों के धान कागजों पर लिए जा रहे हैं लेकिन हकीकत में कोई भी किसान अपना धान नहीं बेंच पा रहा है। इस मौके पर वंश बहादुर सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, सुरेंद्र प्रताप सिंह, देवनाथ पांडे राम प्यारे पांडे, जयप्रकाश सिंह, राम लवट यादव, ज्वाला प्रसाद धुरिया धर्मेंद्र पटेल आदि लोगों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई इस संबंध में एसडीम देश दीपक से बात करने पर उन्होंने बताया कि शिकायत सही पाई गई है जल्द ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी किसानों का धान समर्थन मूल्य पर ही लिया जाएगा।

# सात गोवंश के साथ पुलिस ने दो अभियुक्त को किया गिरफ्तार

## अपहरण के अभियोग में वांछित अभियुक्त धराया

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना कंधई से उ0नि0 दिनेश सिंह मय हमराह व स्वाट टीम प्रभारी उ0नि0 सुनील कुमार यादव मय हमराह द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के परसनी गाँव के पास से सात राशि गोवंश को बरामद किया गया। पशुओं के चारों पैर बाँधकर रखने वाले राजेन्द्र यादव उर्फ पप्पू पुत्र गंगादीन, विकास यादव उर्फ लाला पुत्र राजेन्द्र यादव निवासीगण परसनी थाना कंधई जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया। अन्य अभियुक्त भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गये, जिनको चिन्हित कर लिया गया है जिनकी गिरफ्तारी शीघ्र ही की जायेगी। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 437/23 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधि0 व धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। उधर थाना हथिगवां के उ0नि0 अंकित सिंह मय हमराह द्वारा विवेचना के दौरान थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 234/23 धारा 363/366/368 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त सोनू यादव उर्फ विवेक पुत्र शेरचन्द यादव निवासी गाँव ककरा (लखरैया) थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज को थानाक्षेत्र हथिगवां के बहादुर चैराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

# दो दिन से गायब युवक का ईट भट्ठे के अंदर मिला रक्त रंजित शव

अखंड भारत संदेश

**हत्या कर शव फेंकने की आशंका सूचना मिलते ही मौके पर भारी पुलिस फोर्स के साथ पहुँचे क्षेत्राधिकारी, मोबाइल पर किस्से बात करने के बाद घर से निकला था युवक बड़ी जांच का विषय**



**महगाव कौशाम्बी।** जिले के संदीपनघाट थाना क्षेत्र के एक पुराने ईंट भट्ठे के अंदर युवक का रक्तरंजित शव मिलने की जानकारी के बाद मौके पर लोगो की भीड़ लग गयी युवक के मोबाइल में किसी का फोन आने के बाद 2 दिन पहले वह घर से निकला था लेकिन रहस्यमय परिस्थितियों में युवक गायब हो गया और घर वापस नहीं लौटा परिजनों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी परिजन संभावित स्थानों पर युवक की खोजबीन कर रहे थे लेकिन युवक का सुराग नहीं लग सका गुरुवार की सुबह पुराने ईट भट्ठे में युवक की रक्तरंजित लाश मिली है परिजनो ने युवक की हत्या कर शव फेंकने की आशंका जताई है,शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के कोइलहा गांव के वीरू रैदास उम्र लगभग 19 वर्ष पुत्र राकेश रैदास निवासी कोइलहा के मोबाइल में 2 दिन पहले किसी का फोन आया था मोबाइल में बात करने के बाद युवक घर से निकल गया लेकिन वापस नहीं लौटा गुरुवार को कोइलहा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे एक पुराने ईंट भट्ठे के पास झाड़ियों में युवक का रक्तरंजित शव मिला है,शव मिलने की सूचना पर सीओ चायल योगेंद्र कृष्ण नारायण सहित पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की।युवक के शव मिलने की सूचना पर गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए जिसकी पहचान वीरू के रूप में हुई मामले की सूचना मिलते ही बीरू के परिजन भी मौके पर पहुंच गए और बीरू की शिनाख्त की शव देखते ही परिजनो में कोहराम मच गया परिजनो ने हत्या कर शव को फेंकने की आशंका जताई है। सीओ चायल योगेंद्र कृष्ण नारायण ने बताया कि एक युवक का शव पुराने ईंट भट्ठे के अंदर मिला है,उसके शरीर में कई चोट के निशान मिले है,मृतक दो दिन से गायब था,परिजन उसकी तलाश कर रहे थे,सीओ ने बताया कि कुछ अहम सबूत भी मिले है जल्द ही घटना का अनावरण किया जाएगा।

## नीति आयोग द्वारा जारी डेटा रैकिंग में आकांक्षी विकास खण्ड कौशाम्बी दूसरे स्थान पर

### नीति आयोग से पुरस्कार स्वरूप विकास खण्ड कौशाम्बी को विकास कार्य के लिए मिलेंगे रू0-02 करोड़




**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार के मार्गनिर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी के पर्यवेक्षण में नीति आयोग के द्वारा बेहतर कार्यों के मूल्यांकन में जनपद के आकांक्षी विकास खण्ड कौशाम्बी ने डेटा रैकिंग जून-2023 में दूसरा स्थान प्राप्त किया हैं, जिसके अन्तर्गत नीति आयोग द्वारा पुरस्कार स्वरूप विकास खण्ड कौशाम्बी को रू0-02 करोड़ धनराशि विकास कार्य करने के लिए दिया जायेंगा। इस उपलब्धि में खण्ड विकास अधिकारी एवं सीएम फेलोशिप का भी योगदान रहा। जिलाधिकारी द्वारा आकांक्षी विकास खण्ड की नियमित रूप से समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को इंडीकेटर्स की प्रगति के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश दियें जाते रहें है, परिणाम स्वरूप विकास खण्ड कौशाम्बी में पोषाहार, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सामाजिक विकास एवं आधारभूत संरचना विकास के इंडीकेटर्स में उत्कृष्ट कार्य किये गयें है। यह जानकारी जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने दी बतादें,कि नीति आयोग के द्वारा देशभर से 500 आकांक्षी विकास खण्ड का चयन किया गया है, जिसमें से उत्तर प्रदेश के 68 आकांक्षी विकास खण्ड का भी चयन किया गया है।

## न्यूज झरोखा

### ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार ने एसडीएम को दिया ज्ञापन



**नेवादा।** कौशाम्बी केंद्र सरकार व सांसद द्वारा बनाये गये बड्स एक्ट 2019 कानून के तहत करोंड़ो जनता का विभिन्न कम्पनियों मे जमा धन वापस दिलाने का सरकार ने कानून बनाया था लेकिन आज तक उनके भ्रष्ट अधिकारी व कर्मचारी ने कानून को लागू नही किया है। तहसील चायल मे ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन के राष्ट्रीय संयोजक मदन लाल आजाद के आदेशानुसार व जिला अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद राय की अध्यक्षता मे तहसील अध्यक्ष चन्द्रशेखर विश्वकर्मा के माध्यम से दर्जनो कार्यकताओं ने एसडीएम को ज्ञापन देते हुए सरकार से मांग किया है कि प्रदेश मे करोड़ो जनता की गाढ़ी कमाई को ठगी करने वालों से धन वापस दिलाया जाए सरकार ने अनियमित जमा योजनायें पाबंदी कानून बड्स एक्ट 2019 के तहत जनता का डूबा हुआ धन वापस दिलाने के लिये 2022 मे आवेदन जमा कराया गया था लेकिन अभी तक भुगतान शुरू नही किया गया जब कि बड्स एक्ट 2019 की धारा 15/6 मे लिखा हुआ है कि नामित अदालत ने 180 दिन के अन्दर समस्त कार्यवाही को सम्पूर्ण कर जमा धन राशि का भुगतान सुनिश्चित करायें लेकिन ऐसा न करके सरकार सिर्फ जनता के साथ छल कर रही है जिससे ठगी की शिकार हुई जनता ने भी अपनी आंखे खोल चुकी है और आने वाले 2024 मे सरकार को सबक सिखाने का काम करेगी सरकार को उखाड़ कर फेंकने का काम करेगी इस मौके पर दर्जनों कार्यकताओं ने खुले लब्जों मे सपथ लिया है इस मौके पर कार्यकर्ता डा. गनेश प्रसाद,अमृत लाल, रामबाबू केशरवानी,नरेन्द्र कुमार,मानसिंह पाल,सुनील कुमार,रामचन्द,मानसिंह कुशवाहा,आफताब अहमद,व अन्य लोग मौजूद रहे।

### रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने चायल कस्बा में किया फ्लैग मार्च



**तिल्हापुर कौशाम्बी।** कोतवाली पिपरी अंतर्गत सिविल पुलिस के साथ रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने 7 दिसम्बर को चायल कस्बा में फ्लैग मार्च किया एवं लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपील की प्रयागराज से कमांडेंट मनोज कुमार गौतम के दिशा निर्देश पर आई 101 आर ए एफ की टीम, रढ कौशांबी की देखरेख मे चायल कस्बा में फ्लैग मार्च किया इस मौके पर अवधेश कुमार सहायक कमांडेंट साथ में निरीक्षक विजयकांत पांडे ओमप्रकाश सिंह कोतवाली पिपरी के थानाध्यक्ष दिनेश सिंह परिहार एवं और चायल चौकी इंचार्ज मनोज तोमर , लोधौर चौकी प्रभारी अतुल रंजन तिवारी, विजय तिवारी, पवन तोमर, शिव शंकर पांडे, मनोज जयसवाल महिला कां.श्वेता कनौजिया सहित थाने की पुलिस फोर्स मौजूद रही।

### संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई पुण्यतिथि



**कौशांबी** अटेवा पेंशन बचाओ मंच द्वारा पेंशन बहाली अभियान के नायक स्वर्गीय डॉ राम आशीष सिंह की सातवीं पुण्यतिथि को पेंशन संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया जिला मुख्यालय मंझनपुर स्थित डायट मैदान में बृहस्पतिवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो शिक्षकों ने मोमबत्ती जलाकर स्वर्गीय रामाशीष की फोटो पर माल्यार्पण कर पुण्यतिथि को पेंशन संकल्प दिवस के रूप में मनाया। जिसमें जिला संयोजक कुशल सिंह की अगुवाई में शिक्षकों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिसमे जिला महामंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने विश्वाश जताते हुए लोगों में उत्साह भरा और साहस धैर्य रखने की बात कही वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह द्वारा पेंशन बहाली की शपथ लेने एवं आंदोलन को पूरे मनोयोग से तेज गति बनाए रखने की अपील की गई । मीडिया प्रभारी अंकित श्रीवास्तव के द्वारा कौशाम्बी के सभी शिक्षकों से अपील की गई की सभी शिक्षक एकजुट होकर इस अभियान को तेज करे इस मौके पर अटेवा के सतीश चंद्र शर्मा, रमेश चंद्र सेन, विनोद यादव, इकबाल अली आशीष कुमार सिंह, नयन सिंह, अंकित श्रीवास्तव आदि सैंकड़ों शिक्षक उपस्थिति रहे।



# दिव्यांग बच्चों को वितरित किया गया उपकरण

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** ब्लॉक संसाधन केन्द्र मंझनपुर में समग्र शिक्षा अभियान समेकित शिक्षा कौशांबी द्वारा 07 दिसम्बर को दिव्यांग बच्चों हेतु एलिम्को कानपुर के सहयोग से आयोजित उपकरण उपस्कर वितरण कैंप में 26 ट्राई साइकिल,28 व्हील चेयर,चार सी पी चेयर,16 बैसाखी तथा एल्बो क्रच, रोलेटर, ब्रेल किट, कान की मशीन, कैलीपर आदि उपकरण वितरित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जवाहरलाल यादव खंड शिक्षा अधिकारी मंझनपुर द्वारा सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण पर के बाद एलिम्को कानपुर के प्रतिनिधि निलय कुमार सिंह ऑडियोलॉजिस्ट आदर्श द्विवेदी हंजला इरशाद के देखरेख में मुख्य अतिथि द्वारा परिषदीय विद्यालय में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों को उपकरण उपस्कर वितरित किया गया डॉ कमलेंद्र कुमार कुशवाहा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कुशल निर्देशन में वीरेंद्र कुमार जिला समन्वयक समेकित शिक्षा राम बहादुर कुशवाहा के संयोजकत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम में बुधराम सरोज प्रधानाध्यापक फिजियो थैरेपिस्ट पंकज साहू एवं स्पेशल एजुकेटर शारदा कुमार सिंह पुशपे द्विवेदी कृष्ण कुमार तिवारी, इरशाद हुसैन,राजीव तिवारी वशिष्ठ शुक्ल इन्दू बाला आशुतोश श्रीवास्तव आदि लोगो का विशेष सहयोग रहा।

# विवाद के दौरान हुई मारपीट में मृत युवक के शव को रखकर परिजनो ने किया प्रदर्शन

**आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ मृतक परिवार को आर्थिक सहायता की मांग**



**कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में दो दिन पहले शराब के नशे में कई लोग आपस में भिड़ गए थे,नशे में आपस में सभी की जमकर मारपीट हुई,मारपीट में तीन लोग घायल हो गए,घायलों में एक युवक की मौत हो गई,युवक की मौत के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था,गुरुवार को मृतक के शव को घर के पास ही रख कर परिजनों ने प्रदर्शन किया और आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ आर्थिक सहायता की मांग की। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के बैरहना में दो दिन पहले सुरेमन नाम के युवक की मारपीट के दौरान मौत हो गई थी,परिजनो के शव रखकर प्रदर्शन किए जाने की सूचना पर पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया,सूचना पर कोखराज थाना क्षेत्र की सिंघिया चौकी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और परिजनो और ग्रामीणों को मानने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली,मौके पर पहुंचे नगर पालिका परिषद भरवारी के सभासद राकेश कुमार,सभासद विक्रम सिंह और सभासद प्रतिनिधि अंबुज भारती ने अध्यक्ष नगर पालिका से वार्ता कर तत्काल आर्थिक सहायता के लिए 5 हजार रुपए और दो सभासद ने अपने तरफ से आर्थिक मदद की और नगर पालिका की तरफ से हर संभव मदद का भरोसा दिया,जिसके बाद परिजन माने और शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गए। वही इस मामले में सिंघिया चौकी प्रभारी संतोष चौरसिया ने बताया कि परिजनो की तहरीर के आधार पर दो लोगो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है, जिसमे से एक युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है,दूसरे की तलाश की जा रही है,जांच की जा रही है,जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्यवाई की जायेगी।

# होटल के गेट से टकराई कार हादसे में बुजुर्ग की मौत दो लहूलुहान

**शादी समारोह से वापस जा रहा था परिवार हादसे के बाद दो परिवारों में मचा कोहराम**



अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** प्रयागराज जनपद से कड़ा धाम के देवीगंज के एक शादी समारोह शामिल होने के बाद गुरुवार को प्रयागराज वापस लौट रहे परिवार की कार अनियंत्रित होकर कोखराज थाना क्षेत्र के होटल के गेट से टकरा गई,हादसे में कार में बैठे बुजुर्ग की मौत हो गई,जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए,बुजुर्ग अपनी बहु को विदा करा कर दूसरी कार से जा रहे थे तभी हादसा हो गया,हादसे के बाद पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई,वही बुजुर्ग की मौत से दो परिजनों में कोहराम मचा गया। जानकारी के मुताबिक प्रतल्यागराज जनपद के प्रीतम नगर सैनिक कालोनी निवासी रिटायर्ड आरपीएफ राम नारायण उम्र लगभग 80 वर्ष कड़ा धाम थाना क्षेत्र के देवीगंज में शीतल गेस्ट हाउस से शादी समारोह कार्यक्रम को समाप्त कर अपने घर प्रयागराज कार से जा रहे थे, तभी गाड़ी चला रहे रामसागर को नींद की झपकी आ गई जिससे कार अनियंत्रित हो गई और तेज रफ्तार कार नेशनल हाइवे पर कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढ़ा स्थित ड्राइवन होटल के गेट टकरा गई। हादसे में कार की अगली सीट पर बैठे राम नारायण निषाद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक राम सागर और छत्रपाल दोनो गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस बुलाकर घायलों को जिला अस्पताल भेजा और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी। वही घटना के बाद शादी वाले घर में कोहराम मचा हुआ है।

# 8 दिसम्बर को आयोजित होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**कौशाबी।** जनपद की ग्राम पंचायत-कसिया, सैदनपुर, सिकन्दरपुर बजहां, सरांय यूसुफ, कनैली व लौगावां में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा रघुनाथपुर, एड़हरा, लोहरा, रसूलपुर टप्पा, महॅगूपुर व जाफरपुर महावां में 02 बजे से सायं 4:30 बजे तक दिनांक 08 दिसम्बर 2023 को विकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगा।विकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं-आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना(ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गॉवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से लाभान्वित किया जायेंगा। बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जायेंगा। समस्त सहकारी समितियों द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाया जायेंगा तथा रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया जायेंगा। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगायें जायेंगे। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थी ह्ममेरी कहानी मेरी जुबानीह्वके तहत अपने अनुभव/फीडबैक साझा करेंगे। वैन के माध्यम से प्रधानमत्री का रिकार्ड किया गया संदेश आमजन को सुनाया जायेंगा। विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो प्रसारित किया जायेंगा। सत्त कृषि गतिविधियों पर सत्र-ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों/विषय विशेषज्ञों की वार्ता एवं चर्चा होगी।

# भखंदा बालू घाट : कार्यवाही के पूर्व खनन में लगे लोगों तक जानकारी पहुंचाने वाला विभीषण कौन!

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के भखंदा घाट पर सोमवार के दिन जांच करने के लिए खनन अधिकारी के पहुंचने से पहले ही बालू खनन करने वालों को सूचना मिल गई। सूचना मिलने के बाद चारो तरफ अफरा - तफरी का माहौल बना रहा जिसके चलते नदी की जलधारा को चीरकर बालू खनन में लगे जेसीबी और पोकलैंड को बालू घाट से हटाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया इसलिए खनन अधिकारी को खाली हांथ वापस लौटना पड़ा। भखंदा बालू घाट पर खनन अधिकारी के पहुंचने से पहले ही अवैध खनन में जुटे बालू कारोबारी के हांथ - पांव फूल आए इसी के चलते सारा दिन बालू घाट पर सन्नाटा पसरा रहा। बताते चलें कि खनन अधिकारी के पहुंचने की सूचना मिलने के बाद भखंदा बालू घाट में हड़कंप मचा रहा और बालू कारोबारी काम ठप कर लोगों की माने तो खनन अधिकारी के खातिरदारी में जुटा रहा। कार्यवाही के पूर्व जानकारी मिल जाने के बाद यह साबित हो रहा है कि अधिकारियों के साठगांठ से अवैध बालू खनन हो रहा है भखंदा बालू घाट से प्रतिदिन सैकड़ों की तादात में ट्रक, डंफर एवं ट्रैक्टर बालू लादकर गैर जनपद के लिए रवाना होते हैं लेकिन सोमवार के दिन खनन अधिकारी जांच के लिए भखंदा घाट पहुंचे तो चारो तरफ सन्नाटा पसरा रहा उनके वापस लौटने के बाद ही जेसीबी और पोकलैंड बालू घाट में कूदकर खनन में जुट गए लेकिन अब कब दोबारा जांच होगी यह कह पाना मुश्किल है।

# वाहनों से अवैध वसूली का सरगना अब कौन!

अखंड भारत संदेश

**माफिया अतीक के जाने के बाद भी नहीं बंद हुई गुंडो की अवैध वसूली**

**प्रयागराज में 20 हजार से अधिक टेंपो टैक्सी से 5 लाख रुपए से अधिक की गुंडा टैक्स की वसूली तो पड़ोसी जनपदों में भी 10 हजार से अधिक टेंपो टैक्सी से 3 लाख रुपए से अधिक प्रतिदिन की बेखौफ हो रही है वसूली**

**पड़ोसी जनपद सहित प्रयागराज जनपद के प्रत्येक वाहन स्टैंड पर यूनियन के इन गुंडों का पूरी तरह से कब्जा**







**कौशाम्बी।** अतीक अहमद के कार्यकाल में कौशाम्बी प्रयागराज जनपद सहित आसपास के जनपदों में विभिन्न प्रकार के गुंडा टैक्स की शुरू हुई वसूली अतीक अहमद के जाने के बाद उनके गुंडे अभी गुंडा टैक्स की वसूली बंद नहीं कर सके हैं इस वसूली का हिस्सेदार अब कौन-कौन है यह बड़ी जांच का विषय है कुछ तो पर्दे के सामने दिखाई पड़ रहे हैं कुछ पर्दे के पीछे से वसूली के धंधे के संचालन को बढ़ावा देने में लगे हैं आम जनता को शोषित प्रताड़ित कर अतीक अहमद के कार्यकाल में शुरू हुई गुंडा टैक्स की वसूली अभी भी बेखौफ तरीके से प्रयागराज जनपद सहित आसपास के जनपदों में प्रतिदिन हो रही है प्रयागराज और आसपास के जिलों में विभिन्न प्रकार के अवैध तरीके से गुंडा टैक्स वसूली के मामले को बेनकाब करने के मामले में विक्रम टैक्सी यूनियन के वसूली का उदाहरण अतीक के लोगों की गुंडा टैक्स वसूली को बेनकाब करने के लिए पर्याप्त है। प्रयागराज जनपद के शहर के हर चौराहे से लेकर आसपास के जनपदों के हर चौराहे पर विक्रम टैक्सी की वसूली के नाम पर यूनियन के गुंडे सुबह से देर रात तक सवारी भरने वाले वाहनों के आगे पीछे डंडे लेकर खड़े रहते हैं नंबर लगाने के नाम पर इन गुंडो को जिस वाहन चालक ने रकम नहीं दी उसके वाहन को सड़क पर चलने नहीं दिया जाता है प्रत्येक वाहन स्टैंड पर इन गुंडों का पूरी तरह से कब्जा है उत्तर प्रदेश सरकार के आरटीओ विभाग द्वारा रजिस्ट्रेशन लिए जाने के बाद भी वाहन सड़क पर नहीं चल पाते हैं गुंडो को गुंडा टैक्स देने के बाद ही वाहन चालक वाहन में सवारी भरकर गंतव्य को रवाना हो सकते हैं वरना उनके साथ मारपीट लड़ाई झंझट किया जाता है आखिर विक्रम टैक्सी यूनियन को वसूली का अधिकार किसने दिया है यह तो समाज सेवा की संस्था के नाम से पंजीयन कराई गई है तो फिर आखिर विक्रम टैक्सी यूनियन के नाम पर बीते चार दशक से बेखौफ तरीके से प्रयागराज और उसके आसपास के जनपदों में हो रही यह बड़ी वसूली चर्चा का विषय है लेकिन प्रयागराज से लेकर आसपास के जनपद के पुलिस अधिकारियों ने अभी तक विक्रम टेक्सी यूनियन के नाम पर हो रही अवैध वसूली को बंद कराने के बाद वाहन चालकों को राहत देने का प्रयास नहीं किया है अवैध वसूली को बंद करने के लिए अभी तक मीटिंग और चचाएं भी अफसरो में नहीं शुरू की है वाहन के नाम पर वसूली की स्थिति इतनी आतंक अत्याचार से भरी है कि वसूली में लगे गुंडो के रैकेट सदस्यों की गुंडई के आगे वाहन चालक जुबान खोलने का साहस नहीं कर पाते हैं बीते चार दशक से प्रयागराज जनपद के शहर क्षेत्र सहित आसपास के पड़ोसी जनपदों में सब कुछ दिन के उजाले में खुलेआम हो रहा है आम जनता भी पूरे दिन होने वाली वसूली को देख कर दांतो तले उंगली दबा रही है लेकिन पुलिस कर्मियों को वाहनों से वसूली दिखाई नहीं पड़ रही है चचाओं पर जाए तो केवल प्रयागराज जनपद में 20 हजार से अधिक टेंपो टैक्सी से 5 लाख रुपए से अधिक की गुंडा टैक्स की वसूली प्रतिदिन खुलेआम हो रही है पड़ोसी जनपदों की चर्चा करें तो पड़ोसी जनपदों में भी 10 हजार से अधिक टेंपो टैक्सी से 3 लाख रुपए से अधिक प्रतिदिन की वसूली बेखौफ हो रही है वसूली के लिए रैकेट बनाकर करोड़ों रुपए महीने की वसूली करने वाले राकेट के सदस्यों के कारनामों को गंभीरता से लेना होगा। समाज सेवा का रजिस्ट्रेशन कराने के बाद यूनियन के नाम पर अवैध तरीके से शुरू हुई वसूली को पूरी तरह से बंद करना होगा लेकिन क्या यूनियन के नाम पर बेखौफ तरीके से करोड़ो रुपए महीने की हो रही वसूली को बंद करने में योगी सरकार के अफसर सफल हो पाएंगे या फिर अतीक अहमद के कार्यकाल में शुरू हुई गुंडा टैक्स की वसूली उनके जाने के बाद भी उनके गुंडों द्वारा बेखौफ तरीके से होती रहेगी व्यवस्था पर यह बड़ा सवाल खड़ा है।

## संपादक की कलम से

# क्यों हारी कांग्रेस

**पांच** राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में चार के नतीजे 3 दिसंबर को आ गए। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक चार में से तीन राज्य भाजपा के खाते में और एक कांग्रेस के खाते में जा रहा है। यानी मुकाबला बीजेपी के नाम ही रहा है। तीन में से दो राज्य, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में पिछले पांच साल कांग्रेस की सरकार रही और अब अगले पांच साल के लिए सत्ता भाजपा के खाते में जा रही है। वहीं मध्यप्रदेश की सत्ता इस बार नैतिक तरीके से भाजपा के पास आ गई है। पिछली बार कांग्रेस के हाथों से भाजपा ने छल के जरिए सत्ता हथिया ली थी और विधानसभा चुनावों में यह बड़ा मुद्दा भी बना था। लेकिन जनता को शायद सरकार चुराने के इस खेल से खास फर्क नहीं पड़ा या फिर अन्य कारण कांग्रेस के खिलाफ काम कर गए और सत्ता पूरी तरह से भाजपा के हाथ में आ गई है। ये तीनों हिंदी पट्टी के राज्य हैं, और यहां भाजपा बरसों से कांग्रेस से मजबूत रही है।

हिंदी पट्टी राज्यों में धर्म का कार्ड कैसे चलना है, इस की विशेषज्ञ भाजपा है। जबकि कांग्रेस उसकी नकल करने के चक्कर में पिट गई। जब लोगों को धर्म के आधार पर ही वोट देना है, तो वो असली छोड़, नकली माल की ओर क्यों देखेंगे। कांग्रेस पता नहीं कब इस बात को समझेगी कि सॉफ्ट हिंदुत्व से वो बीजेपी का मुकाबला नहीं कर पाएगी। बागेश्वरधाम जैसे बाबा के चरणों में सिर नवाने में किसी कांग्रेस नेता की निजी श्रद्धा हो सकती है, और ऐसा करके वह अपनी और अपने परिवार की जीत सुनिश्चित कर सकता है, लेकिन यहां पार्टी आलाकमान की जिम्मेदारी है कि वे पूछें कि इससे कांग्रेस का भला कैसे हो सकता है। जाहिर है कमलनाथ जैसे नेताओं की इस तरह की मनमर्जी पर आलाकमान रोक नहीं लगा पाया और इसका नतीजा कांग्रेस को भुगतना पड़ा है।

इन नतीजों में भाजपा के लिए दक्षिण के दरवाजे एक बार फिर बंद हो गए हैं। तेलंगाना में कांग्रेस सरकार बनाने जा रही है। इन नतीजों की एक और व्याख्या ये है कि देश में दक्षिण और उत्तर भारत की मानसिकता का फर्क पूरी तरह सतह पर आ गया है। कांग्रेस ने जैसी गारंटियां कर्नाटक में दी थीं, वैसी ही तेलंगाना और छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में भी दी थीं। लेकिन इन गारंटियों का असर दक्षिण भारत में अलग हुआ और उत्तर भारत में अलग रहा। रोजगार, नौकरियों के लिए परीक्षाएं, सस्ता परिवहन, स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा, किसानों, मजदूरों के हित, ओबीसी का हक ऐसे तमाम मुद्दों पर उत्तर और दक्षिण भारत की जनता की सोच अलग नजर आई।

कर्नाटक के बाद तेलंगाना के लोगों ने कांग्रेस की विकासपरक सोच को धर्म के ऊपर तरजीह दी, लेकिन हिंदी पट्टी में धर्म बाजी मार गया। इन नतीजों में क्षत्रपों के रवैये ने भी कांग्रेस को नुकसान पहुंचाया है। तेलंगाना में कांग्रेस अध्यक्ष रेवंत रेड्डी का कहना है कि 20 साल की राजनीति में 15 साल वो विपक्ष में रहे हैं और इसने उन्हें जनता से जोड़ा है, नयी पहचान दी है। गौरतलब है कि एबीवीपी से राजनीति की शुरूआत करने वाले रेवंत रेड्डी टीडीपी में भी रहे और फिर कांग्रेस में आए। दो साल पहले ही उन्हें कांग्रेस की राज्य ईकाई की कमान मिली और अपने पर दिखाए इस भरोसे को उन्होंने गलत साबित नहीं होने दिया। तेलंगाना में बीआरएस, एआईएमआईएम और भाजपा की मिली-जुली घेराबंदी को तोड़ते हुए उन्होंने कांग्रेस को आगे निकाला।

जाहिर है ये काम एक अकेले के बस का नहीं है, बल्कि पूरे संगठन को साथ लेकर चलने की क्षमता की जरूरत होती है। रेवंत रेड्डी ने इसी क्षमता का परिचय दिया। लेकिन छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्यप्रदेश में तीन की जगह केवल एक प्रतिद्वंद्वी यानी भाजपा से ही कांग्रेस को मुकाबला करना था, उसमें भी छत्तीसगढ़ और राजस्थान में तो उसकी अपनी सरकारें थीं, मगर फिर भी कांग्रेस यहां फेल हो गई, क्योंकि उसके क्षत्रपों ने पार्टी की जगह खुद को जरूरत से अधिक तवज्जो दे दी। पार्टी आलाकमान इन्हें साध नहीं पाया या इन क्षत्रपों का अहंकार पार्टी से बढ़कर हो गया, इसकी विवेचना खुद कांग्रेस को करनी होगी। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान, तीनों जगह कांग्रेस में बड़े पदों पर बैठे नेता भाजपा से अधिक एक-दूसरे से लड़ने में व्यस्त रहे। इस तरह कहा जा सकता है कि इन क्षत्रपों का अहंकार जीत गया, और पार्टी की हार या जीत से इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता।

क्योंकि फर्क पड़ता होता तो चुनाव के करीब आने पर एकता का दिखावा करने की जगह वे ईमानदारी से अपनी दरारें भरते, ताकि पार्टी को जीत मिलती। राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेता न आलाकमान के भरोसे पर खरे उतरे, न स्थानीय कार्यकताओं के। वे केवल अपने अहंकारों की कसौटी पर खरे उतरे। अब ये कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के विचार करने का सवाल है कि इसके बाद इन राज्यों में कांग्रेस को सही अर्थों में वे कैसे पुनर्जीवित करेंगे और कैसे बेलगाम हो चुके नेताओं को काबू में रखेंगे। कांग्रेस की तीन राज्यों में हार का असर क्या अब इंडिया गठबंधन पर पड़ेगा या 2024 के चुनाव इससे किसी तरह प्रभावित होंगे, अभी ऐसे कुछ सवालों पर चर्चा चलेगी।हालांकि पिछले चुनाव के अनुभव यही बताते हैं कि राज्य जीतने के बावजूद कांग्रेस आम चुनाव हार गई थी। मुमकिन है इस हार से कांग्रेस की तंद्रा भंग हो और वो 2024 की रणनीति तैयार करने में इस बार हुई भूलों से सबक ले सके। अगर कांग्रेस तीन राज्यों में जीत जाती, तो शायद उसके क्षत्रपों की मनमानी और बढ़ जाती और 2024 में उसका अच्छा असर नहीं होता। इस लिहाज से ठीक ही हुआ कि कांग्रेस ने हिंदी पट्टी के राज्यों में हार का स्वाद चख लिया है। देश की असल पहचान और संविधान बचाने के लिए जरूरी है कि उन सामाजिक मूल्यों की पुनर्स्थापना हो, जो बीते दशक में तेजी से दफन कर दिए गए हैं।

जिन बातों को न्यू नॉर्मल कहकर सहज स्वीकृति मिल चुकी हैं, वे दरअसल भारत की जड़ों को खोखला कर रही हैं। इसलिए सत्ता का केन्द्रीकरण और व्यक्तिकेन्द्रित राजनीति दोनों को खत्म करना होगा। इंडिया गठबंधन की जीत से यह मुमकिन हो सकता है, इसलिए 2024 के चुनावों पर अब कांग्रेस और गठबंधन के बाकी दलों का फोकस होना चाहिए। हालांकि भाजपा की पूरी कोशिश रहेगी कि मोदी मैजिक जैसे जुमले को वो भारतीय राजनीति का सच बनाने की कोशिश करे। फिलहाल इस बार के बाद अब यह देखना है कि भाजपा का अहंकार और कितना बढ़ता है, गांधी परिवार पर उसके हमलों में कितनी तेजी आती है और ये भी देखना है कि कांग्रेस कब ईमानदारी से आत्ममंथन कर अपनी गलतियों को सुधारती है।

# भ्रष्टाचार का मर्ज बढ़ता गया, ज्यों-ज्यों दवा की

-ललित गर्ग-

**दुनियाभर** में 9 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य भ्रष्टाचार के खिलाफ लोगों में जागरूकता फैलाना है। इस दिवस को मनाते हुए सभी सरकारी, प्राइवेट, गैर-सरकारी सस्थाएं एवं नागरिक संगठन भ्रष्टाचार के खिलाफ एकजुटता से लड़ाई लड़ने का संकल्प लेते हैं। 31 अक्टूबर 2003 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव पारित कर अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस मनाये जाने की घोषणा की। 2023 की थीम ह्यभ्रष्टाचार के खिलाफ दुनिया को एकजुट करनाह्ल है। भ्रष्टाचार के खिलाफ सम्पूर्ण राष्ट्र एवं दुनिया का इस जंग में शामिल होना, एक शुभ घटना कही जा सकती है, क्योंकि भ्रष्टाचार आज किसी एक देश की नहीं, बल्कि सम्पूर्ण विश्व की समस्या है। जैसे-जैसे इस दिवस को मनाने की सार्थकता एवं व्यापकता सफलता की ओर बढ़ी, वैसे-वैसे एक शंका जोर पकड़ती जा रही है कि एक शुभ शुरूआत का असर बेअसर न हो जाये क्योंकि यह समस्या कम होने की बजाय दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। यह शंका बेवजह भी नहीं है, क्योंकि यह जंग उन भ्रष्टाचारियों से हैं जो एक बड़ी ताकत बन चुके हैं। असल में राजनीतिक दुर्बलता के कारण ही बढ़ती है। हम सब जानते है सत्ता में बैठे कुछ व्यक्ति, आम जनता के साथ भ्रष्ट-व्यवहार करते है और उनकी स्वतंत्रता, स्वास्थ्य, जीवन और भविष्य छीन लेते है। जिसके बाद भ्रष्टाचार हर देश, क्षेत्र, समुदाय को प्रभावित करता है और कोई भी इस अपराध से अछूता नहीं है, जिसके लिए भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में हमे भाग लेना चाहिए। असल में भ्रष्टाचार से लड़ना एक बड़ी चुनौती है, उसके विरुद्ध जन-समर्थन तैयार किया जाना जरूरी है, सभी गैर-राजनीतिक एवं राजनीतिक शक्तियों को उसमें सहयोग देना चाहिए।




भ्रष्टाचार क्या है? सार्वजनिक जीवन में स्वीकृत मूल्यों के विरुद्ध आचरण को भ्रष्ट आचरण समझा जाता है। आम जन जीवन में इसे आर्थिक अपराधों से जोड़ा जाता है। भ्रष्टाचार में मुख्य हैं-घूस (रिश्वत), चुनाव में धांधली, सेक्स के बदले पक्षपात, हफ्ता वसूली, जबरन चन्दा लेना, अपने विरोधियों को दबाने के लिये सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग, न्यायाधीशों द्वारा गलत या पक्षपातपूर्ण निर्णय, ब्लैकमेल करना, टैक्स चोरी, झूठी गवाही, झूठा मुकदमा, परीक्षा में नकल, परीक्षार्थी का गलत मूल्यांकन-सही उत्तर पर अंक न देना और गलत, अलिखित उत्तरों पर भी अंक दे देना, पैसे लेकर संसद में प्रश्न पूछना, पैसे लेकर वोट देना, वोट के लिये पैसा और शराब आदि बाँटना, पैसे लेकर रिपोर्ट छापना, अपने कार्यों को करवाने के लिये नगद राशि देना, विभिन्न पुरस्कारों के लिये चयनित लोगों में पक्षपात करना, आदि। भारत में भ्रष्टाचार की समस्या इतनी उग्र है कि हर व्यक्ति इससे पीड़ित एवं प्रताड़ित है।

असल में भ्रष्टाचार एक विश्वव्यापी समस्या है। भारत में इसने कहर ढ़ाया है। इसके खिलाफ लड़ाई डेढ अरब.जनता के हितों की लड़ाई है, जिसे हर व्यक्ति को लड़ना होगा। ह्यवही हारा जो लड़ा नहींह्ल- अब अगर हम नहीं लड़े तो भ्रष्टाचार की आग हर घर को स्वाहा कर देगी। नेहरू से मोदी तक की सत्ता-पालकी की यात्रा, लोहिया से राहुल-सोनिया तक का विपक्षी किरदार, पटेल से अमित शाह तक ही गृह स्थिति, हरिदास से हसन अली तक के घोटालों की साईज। बैलगाड़ी से मारुति, धोती से जीन्स, देसी घी से पाम-ऑयल, लस्सी से पेप्सी और वंदे मातरम् से गौधन तक होना हमारी संस्कृति का अवमूल्यन- ये सब भारत हैं। हमारी कहानी अपनी जुबानी कह रहे हैं। जिसमें भ्रष्टाचार व्याप्त है। आजादी के बाद से ही देश की जनता भ्रष्टाचार से जूझ रही है और भ्रष्टाचारी मजे कर रहे हैं। पंचायतों से लेकर संसद तक भ्रष्टाचार का बोलबाला है। मोदी के सख्त चेतावनी के बावजूद सरकारी दफ्तरों के चपरासी से लेकर आला अधिकारी तक बिना रिश्वत के सीधे मुंह बात तक नहीं करते। भ्रष्टाचार के कारण जहां देश के राष्ट्रीय चरित्र का हनन होता है, वहीं देश के विकास की समस्त योजनाओं का उचित पालन न होने के कारण जनता को उसका लाभ नहीं मिल पाता। अधिकांश धन कुछ लोगों के पास होने पर गरीब-अमीर की खाई दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। समस्त प्रकार के करों की चोरी के कारण देश को भयंकर आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। देश की वास्तविक प्रतिभाओं को धुन लग रहा है। भ्रष्टाचार के कारण कई लोग आत्महत्याएं भी कर रहे हैं। भ्रष्टाचार रूपी बुराई ने कैंसर की बीमारी का रूप अख्तियार कर लिया है। ह्यमर्ज बढ़ता गया, ज्यों-ज्यों दवा कीह्ल वाली कहावत इस बुराई पर भी लागू हो रही है। अब तो हालत यह हो गई है कि हमारा देश भ्रष्टाचार के मामले में भी लगातर तरक्की कर रहा है। विकास एवं आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत भ्रष्टाचार के मामले में नित नये कीर्तिमान बना रहा है।

भले ही मोदी की भ्रष्टाचार विरोधी हुंकार के बाद देश में व्यापक बदलाव आया है। नोटबन्दी एवं जीएसटी जैसे कठोर आर्थिक निर्णयों ने आर्थिक भ्रष्टाचार पर लगाम लगायी है। लेकिन अभी भी भ्रष्टाचार के मुद्दे पर एक नयी राजनीतिक शक्ति को संगठित करने की जरूरत है। हर राष्ट्र के सामने चाहे वह कितना ही समृद्ध हो, विकसित हो, कोई न कोई चुनौती रहती है। चुनौतियों का सामना करना ही किसी राष्ट्र की जीवन्तता का परिचायक है। चुनौती नहीं तो राष्ट्र सो जायेगा। नेतृत्व निष्क्रिय हो जायेगा। चुनौतियां अगर हमारी नियति है, तो उसे स्वीकारना और मुकाबला करना हमें सीखना ही होगा और इसके लिये हर व्यक्ति को मोदी बनना होगा। हमारे राष्ट्र के सामने अनैतिकता, महंगाई, बढ़ती जनसंख्या, प्रदूषण, आर्थिक अपराध आदि बहुत सी बड़ी चुनौतियां पहले से ही हैं, उनके साथ भ्रष्टाचार सबसे बड़ी चुनौती बनकर खड़ी है। राष्ट्र के लोगों के मन में भय, आशंका एवं असुरक्षा की भावना घर कर गयी है। कोई भी व्यक्ति, प्रसंग, अवसर अगर राष्ट्र को एक दिन के लिए ही आशावान बना देते हैं तो वे महत्वपूर्ण होते हैं। पर यहां तो निराशा और भय की लम्बी रात की काली छाया व्याप्त है। मोदी के रूप में एक भरोसा जगा क्योंकि मनमोहन सिंह की सरकार ह्यजैसा चलता है, वैसे चलता रहेह्ल में विश्वास रखती थी, जिससे भ्रष्टाचार की समस्या को नये पंख मिले।

उन्हें इस बात को समझना चाहिए था कि वे देश के प्रधानमंत्री है, राष्ट्र के हितों की रक्षा उनका पहला दायित्व है। उन्होंने टू-जी स्पैक्ट्रम घोटाले पर शुरू में लीपापोती की, थामस की सीवीसी पद पर नियुक्ति का जमकर बचाव किया, खेलों में भ्रष्टाचार को नजरअंदाज किया। ऐसा बहुत कुछ कहा जिससे साबित हुआ कि वे काजल की कोठरी में रहते हुए खुद अपने को और अपनी सरकार के कपड़ों को पूरी तरह धवल दिखाना चाहते थे और ऐसा करते हुए वे देश की आत्मा को तार-तार करते रहे, देश की अस्मिता एवं अस्तित्व को दागदार बनाते रहे। दुनिया के कई विकसित देशों में भ्रष्टाचार एक जायज व्यापारिक-राजनीतिक कार्रवाई है। संस्कृतियों के बीच अंतर ने भी भ्रष्टाचार के प्रश्न को पेचीदा बनाया है। भ्रष्टाचार का मुद्दा एक ऐसा राजनीतिक प्रश्न है जिसके कारण कई बार न केवल सरकारें बदल जाती हैं। बल्कि यह बहुत बड़े-बड़े ऐतिहासिक परिवर्तनों का वाहक भी रहा है। नदी में गिरी बर्फ की शिला को गलना है, ठीक उसी प्रकार भ्रष्टाचार से जुड़े तत्वों को भी एक न एक दिन हटना है। यह स्वीकृत सत्य है कि जब कल नहीं रहा तो आज भी नहीं रहेगा। उजाला नहीं रहा तो अंधेरा भी नहीं रहेगा। कभी गांधी लड़ा तो कभी जयप्रकाश नारायण ने मोर्चा संभाला, अब यह चुनौती मोदी ने झेली है तो उसे उनको अंजाम तक पहुंचाना होगा और इसकी पहली शर्त है वे गांधी बने। वह गांधी जिसे कोई राजनीतिक ताप सेक न सका, कोई पुरस्कार उसका मूल्यांकन न कर सका, कोई स्वार्थ डिगा न सका, कोई लोभ भ्रष्ट न कर सका। भ्रष्टाचार आयात भी होता है और निर्यात भी होता है। पर इससे मुकाबला करने का मनोबल हृदय से उपजता है।

आज आवश्यकता केवल एक होने की ही नहीं है, आवश्यकता केवल चुनौतियों को समझने की ही नहीं है, आवश्यकता है कि हमारा मनोबल दृढ़ हो, चुनौतियों का सामना करने के लिए हम ईमानदार हों और अपने स्वार्थ को नहीं परार्थ और राष्ट्रहित को अधिमान दें। अन्यथा कमजोर और घायल राष्ट्र को खतरे सदैव घेरे रहेंगे।

# मौतों वाली कार्य संस्कृति

International Labour Organization

**अंतरराष्ट्रीय** श्रम संगठन (आईएलओ) की ताजा रिपोर्ट बतलाती है कि दुनिया की एक बड़ी आबादी बहुत खराब हालात में काम करती है। स्थितियां इतनी बुरी हैं कि उनके कारण लाखों श्रमिक और कर्मचारी किसी न किसी वजह से दम तोड़ देते हैं, फिर वह चाहे काम का बोझ हो या कार्य स्थलों पर होता प्रदूषण। यह एक तरह से क्रूर पूंजीवाद के उसी चेहरे का प्रतिबिम्ब है जो मुनाफा कमाने के लिये अमानवीयता की तमाम सरहदें लांघता है। पिछले कुछ अरसे से पूंजी के मुकाबले श्रम की घटती महत्ता का भी यह साक्ष्य है। आईएलओ की इस 2019 की रिपोर्ट के मुताबिक काम से सम्बन्धित दुर्घटनाओं और विभिन्न तरह की बीमारियों के चलते विश्व में 30 लाख लोगों ने जान गंवाई। यह आंकड़ा साल 2000 के मुकाबले 12 फीसदी ज्यादा तथा 2015 की तुलना में 5 प्रतिशत अधिक है जो यह बतलाने के लिये पर्याप्त है कि लोगों का मरना बदस्तूर जारी है। जो तथ्य प्रमुखता से सामने आया वह यह है कि मौतों का सबसे बड़ा कारण है प्रति सप्ताह 55 घंटों से अधिक समय तक की काम की अवधि का होना। अकेले इसी कारण से करीब 7.5 लाख कर्मचारियों व श्रमिकों ने प्राण खोये। ऐसे में इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति के उस बयान का भी स्मरण हो आता है जिन्होंने हाल ही में एक चर्चा के दौरान कहा था कि 'अगर भारत को चीन से मुकाबला करना है तो यहां के प्रत्येक युवा को सप्ताह में कम से कम 60 घंटे काम करना चाहिये।' दुनिया जब 55 घंटे से अधिक अवधि तक काम करने का नतीजा बड़ी संख्या में लोगों की मौत के रूप में देख रही है, तो नारायण मूर्ति का यह बयान निष्ठुर ही कहा जा सकता है। यह पूंजीवाद का वह विद्रूप पक्ष है जिसमें कारोबारियों को लोगों की जान की परवाह नहीं होती और वे आर्थिक लाभ को ही तरजीह देते हैं। ये वे मौतें हैं जिनकी रिपोर्ट हुई है या जानकारियां दस्तावेजों तक पहुंच सकी हैं। बड़ी संख्या में ऐसे गैर-संगठित क्षेत्र के लोग हैं जो जान तो गंवाते हैं परन्तु वे घोषित आंकड़ों के हिस्से नहीं बन पाते। यह पूरी दुनिया का हाल है, लेकिन तीसरी दुनिया कहे जाने वाले देशों में श्रमिकों की स्थिति बहुत ही दयनीय व चिंतनीय है जो 21वीं सदी में हासिल की गई वैज्ञानिकता, तकनीकी विकास एवं आधुनिक प्रबंधन शैली के भी विपरीत है। एशियाई, अफ्रीकी एवं लातिन अमेरिका के कई अविकसित व विकासशील देशों में लोगों को खतरनाक परिस्थितियों में काम करना पड़ता है। ये मौतें व्यापक पैमाने पर मानवाधिकार की दुर्दशा को भी बयान करती हैं। वगीर्कृत मौतों के अलावा सोचे-समझे बिना थोपे जाने वाले सरकारी निर्णयों के कारण भी बड़ी संख्या में कार्य स्थलों पर मौतें होती हैं। भारत में नोटबंदी एक ऐसा ही उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सनक व अदूरदर्शिता से उपजे इस फैसले का नतीजा देश ने बैंकों के बाहर लोगों की तथा बैंकों के भीतर कर्मचारियों की मौतों के रूप में देखा था। इसी प्रकार कोरोना काल में भी लोगों से लिये जा रहे काम के दौरान भी हजारों लोगों ने जानें गंवाई थीं। उत्तर प्रदेश में कोविड के दौरान स्थानीय निकायों के चुनाव कराये गये थे। नौकरी खोने के डर से राज्य सरकार के हजारों कर्मचारियों व अधिकारियों ने दूर-दराज जाकर चुनावी ड्यूटी की थी। पर्याप्त ऐहतियात बरतने की सुविधा न होने और इलाज की अनुपलब्धता के कारण बड़ी तादाद में मौतें हुई थीं। आईएलओ की रिपोर्ट के अनुसार अन्य कारण तथा उनसे मरने वाले लोगों की संख्याएं इस प्रकार हैं-

गैस रिसाव व आगजनी से 4.5 लाख, काम के दौरान घायल होकर 3.63 लाख, एसबेस्टस 2.09 लाख, सिलिका 42 हजार से ज्यादा, कार्य जनित अस्थमा लगभग 30 हजार, विकिरण 18 हजार, डीजल इंजिन एग्जास्ट 14700, अर्सेनिक 7600 एवं निकल से 7300। जो सेक्टर सर्वाधिक खतरनाक माने गये हैं और जिनमें सर्वाधिक घटनाएं हुई हैं, उनमें खनन, विनिर्माण, बिजली तथा प्राकृतिक गैस हैं। इस रिपोर्ट पर सिडनी में चल रही 23वीं कांग्रेस में चर्चा होगी जिसमें सुरक्षित कार्य पद्धति विकसित करने सम्बन्धी उपाय सुझाए जायेंगे। काम के दौरान घायल होने वालों की संख्या तो करोड़ों में है जो यह बतलाता है कि कामकाजी जनता के लिये सुरक्षित कार्य संस्कृति विकसित करने की दिशा में अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। भारत के परिप्रेक्ष्य में देखें तो यह रिपोर्ट ऐसे वक्त पर आई है जब भोपाल गैस त्रासदी के करीब 40 साल पूरे होने जा रहे हैं। 2 व 3 दिसम्बर, 1984 की मध्य रात्रि को यहां स्थित यूनियन कार्बाइड के संयंत्र से 45 टन मिथाइल आईसोसाइनेट का रिसाव हुआ था। इससे 15 से 20 हजार लोग मारे गये थे और करीब 6 लाख लोगों पर उसका प्रभाव पड़ा था। इनमें बड़ी तादाद में सामान्य जनता के अलावा संयंत्र के कर्मचारी थे जो या तो कार्यरत थे अथवा आसपास ही रहते थे। बेशक मरने वाले गैर कर्मचारी अधिक हैं परन्तु यह बतलाने के लिये ये आंकड़े पर्याप्त हैं कि कर्मचारियों को किन हालात में काम करना पड़ता है। इस त्रासदी को अब तक की दुनिया की सबसे बड़ी औद्योगिक आपदा के रूप में निरूपित किया जाता है।

# किताब के बहाने डॉ कफील को घेरने की कोशिश

**साल** 2017 में गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ऑक्सीजन की कमी के कारण बच्चों की मौत के बाद चर्चा में आए डॉ कफील खान एक बार फिर सुखियों में हैं। उनके और पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ उस किताब को लेकर मामला दर्ज किया गया है, जो डॉ कफील ने दो साल पहले 'द गोरखपुर हॉस्पिटल ट्रेजेडी : अ डॉक्टर्स मेमॉयर ऑफ अ डेडली मेडिकल क्राइसिस' शीर्षक से लिखी और प्रकाशित करवाई थी। लखनऊ के एक व्यापारी मनीष शुक्ला ने पुलिस को की गई अपनी शिकायत में कहा है कि इस किताब के जरिए राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने और केंद्र के खिलाफ बातें कही गई हैं। शुक्ला ने आरोप लगाया है, कि लोगों को सरकार के खिलाफ भड़काने और समाज में विभाजन पैदा करने के लिए डॉ. कफील खान द्वारा लिखी गई किताब बांटी जा रही है।' भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और प्रेस और पुस्तक पंजीकरण अधिनियम के उल्लंघन के तहत दर्ज शिकायत के अनुसार, डॉ. कफील खान की किताब उनके समर्थकों को 'धन जुटाने और अपनी बेगुनाही साबित करने के लिये बेची जा रही है।' एक खबरिया वेबसाइट के मुताबिक मनीष शुक्ला ने बताया है कि उसने चार-पांच लोगों को फोन पर इस साजिश के बारे में चर्चा करते हुए सुना। जबकि दूसरी वेबसाइट ने शिकायत का संदर्भ देते हुए लिखा है कि मनीष शुक्ला 1 दिसंबर को किसी काम से माताजी की बगिया गए थे। वहां गुमटी के पीछे चार-पांच लोग बातचीत कर रहे थे। वे सभी राज्य सरकार, उनके मंत्रियों व वरिष्ठ अफसरों को लेकर अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहे थे। वे कह रहे थे कि 'डॉ कफील ने गुप्त रूप से एक किताब छपवाई है, उसे प्रदेश भर में बांटा जा रहा है। वे लोग को किताब लोकसभा चुनाव से पहले समुदाय विशेष के हर शख्स तक पहुंचाने की बात कर रहे थे और कह रहे थे कि किसी भी कीमत पर सरकार को उखाड़ फेंकना है, चाहे इसके लिए दंगा ही क्यों न करवाना पड़े।' शुक्ला ने कहा कि साजिश करने वाले अपनी बातें सुने जाने की भनक लगते ही मौके से भाग खड़े हुए। इस प्रकरण पर आजाद अधिकार सेना के अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर- जो खुद भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी रहे हैं, ने सवाल उठाया है। उन्होंने कहा है कि जानबूझकर परेशान करने के लिए यह एफआईआर दर्ज की गई है और कई ऐसी धाराएं लगाई गई है जो स्वयं मामला दर्ज करने के लिए दी गई तहरीर से ही नहीं बनती हैं। इनमें कूटरचना से जुड़ी धाराएं, 465, 467, 471 और किसी पूजा स्थल को क्षतिग्रस्त करने से जुड़ी धारा 295 शामिल है। श्री ठाकुर ने कहा कि किताब को चोरी-छिपे छपवाये जाने का आरोप भी पूरी तरह गलत दिखाई पड़ता है क्योंकि वह तो ऑनलाइन उपलब्ध है। ऐसा मालूम होता है कि सत्ताधारी पार्टी के विरोध में पुस्तक लिखने के कारण डॉ. कफील के खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया है। कृष्णा नगर थाने के एसएचओ जितेंद्र प्रताप सिंह ने भी कहा कि अभी तक किताब में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला है। आजाद अधिकार सेना के अध्यक्ष और एसएचओ- दोनों के कथन से साफ है कि डॉ. कफील को फिर बलि का बकरा बनाने की कोशिश की जा रही है। वेबसाइट 'द क्विंट' से बातचीत में डॉ कफील खान ने कहा भी कि 'आप देखिए, चुनाव आ रहे हैं और एक पंचिंग बैग की जरूरत है। वे जाहिर तौर पर फिल्म के लिए शाहरुख खान को तो नहीं छू सकते, लेकिन मेरे खिलाफ तो कार्रवाई कर सकते हैं।' मालूम हो कि डॉ. कफील ने कुछ दिन पहले ही शाहरुख खान की फिल्म जवान का एक हिस्सा अपनी किताब से प्रेरित बताया था और उसके लिये शाहरुख को धन्यवाद भी दिया था। ये पहली बार नहीं है जब सरकार से असहमत या उसके विरोधी किसी व्यक्ति के खिलाफ केवल शक या सुनी सुनाई बातों की बिना पर कार्रवाई कर दी गई हो। खुद डॉ कफील अपने कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में महीनों जेल में रहे और फिर अदालत ने बाइज्जत उनकी रिहाई का हुक्म दिया। अभी भी कई मामले उनके खिलाफ चल रहे हैं। सवाल ये है कि उनकी किताब जब दो साल से ऑनलाइन ही सही, बाजार में है और ऐसी है कि उससे किसी सरकार को खतरा पैदा हो सकता है तो इतने दिन प्रशासन और पुलिस चुप क्यों बैठे रहे?

# कमाई के फेर में न रहें प्रधान, पशुओं की बेहतर करें देखभालः डीएम

### गौवंश संरक्षण, गौशाला, ठंड से बचाव को हुई बैठक

**अखंड भारत संदेश**



बैठक में निर्देश देते डीएम।

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने निराश्रित गौवंश संरक्षण, भरण-पोषण व नए गौशाला निर्माण, ठंड से बचाव, नगर पालिकाओं में संरक्षण आदि की समीक्षा की।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि संरक्षण को दिया लक्ष्य, पूरा हुआ या नहीं। सीबीओ ने बताया कि सहभागिता से 52 हजार पशु संरक्षित हो गए हैं। डीएम ने कहा कि बचे पशुओं को भी संरक्षित करें। नगर पंचायत राजापुर ईओ को निर्देश दिये कि गौवंश सड़कों पर रहते हैं, अंदर करायें। पशु बाहर से आ रहे हैं तो पशुओं का ईयर ट्रैकिंग करायें, ताकि पता चल सके कि पशु बाहरी आ रहे हैं। कोई पशु छोड़ते हैं तो, उन पर जुमार्ना लगायें। एडीएम को निर्देश दिये कि सभी ईओ को पत्र जारी करें, जो पशु छोड़ते हैं, उन पर प्रति पशु पांच सौ रुपये जुमार्ना लगायें। सभी ईओ ये सुनिश्चित करायें।

उन्होंने ईओ राजापुर को निर्देश दिये कि सर्वे कराकर संरक्षित पशुओं का भी ईयर ट्रैकिंग करायें। ईओ को निर्देश दिया कि यहां भी स्थिति ठीक नहीं है। पशुओं को अंदर करायें। कहा कि नई गौशाला जल्द संचालित करायें। ठंड से बचाव को सभी तहसीलों में व्यवस्थाओं की जानकारी ली। खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि छोटे पशुओं को बचाने को बोरे व तिरपाल की व्यवस्था करायें। ठंड से पशुओं की मृत्यु न हो, भरण-पोषण के बारे में भी जानकारी ली। निर्देश दिये कि सभी बीडीओ व ईओ भुगतान को फाइलें भेज कर भुगतान करायें। सहभागिता की जानकारी ली। सीबीओ ने बताया कि शत -प्रतिशत कर दिया है। नई गौशाला बाबत निर्देश दिये कि जो अपूर्ण गौशालाये हैं, प्रगति करायें। अगली बैठक में अपूर्ण नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने पानी-चारा की जानकारी लेकर निर्देश दिये कि सभी बीडीओ व ईओ सूखी पराली न खिलाकर काटकर खिलायें। शिकायत मिली तो कार्रवाई की जाएगी। सूखी पराली को काटकर उसमें चोकर-भूसा पौष्टिक आहार भी दें, ताकि पशु स्वस्थ रहें। पकड़े जाने पर प्रधानों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गांव सभा में कमाई न करें, गाइडलाइन के हिसाब से पशुओं की देखभाल करें। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम श्रीमती वंदिता श्रीवास्तव, सीबीओ सुभाष चंद्र समेत सभी खंड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।

# दूसरे के बाप को अपना बाप बनाने वाले का मुंह काला

### पुरानी बाजार के रामलीला का मामला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नजूल भूमि पर बने पुरानी बाजार कर्वी के रामलीला भवन को अपने पुर्खों की जायदाद बताने वाले के मामले को सीनियर डिवीजन ने खारिज कर फाइल दाखिल दफ्तर कर दी है।

ज्ञात है कि नगर पालिका कर्वी क्षेत्र में नजूल भूमि पर रामलीला भवन मामले को राज्यपाल ने उस दौर में, जब नोटीफाइड एरिया था, तब भूमि दी थी। इस भूमि पर नगर के लोगों ने अरसा पहले चन्दाकर रामलीला भवन का निर्माण कराया था। भूमि देने दौरान शर्तें थीं कि रामलीला भवन में नया निर्माण कराने पर ये भवन नगर पालिका के सुपुर्दगी में चला जायेगा। कथित तौर पर प्रबंधक रहे श्याम गुप्ता ने रामलीला भवन में नया निर्माण शुरू किया तो नगर पालिका ने इसे शर्तों के मुताबिक अपने कब्जे में ले लिया। इसे लेकर श्याम गुप्ता पहले हाईकोर्ट गया, हाईकोर्ट ने फटकार लगाकर मामला खारिज कर दिया।

इससे खुन्नस खाये श्याम गुप्ता ने अपने कारिंदे बसंतराव गोरे व उत्तमराव गोरे के जरिये सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में पुनः मामला संस्थित कराया कि रामलीला भवन उनके पूर्खों ने बनवाया था, इस पर उन्हें काबिज कराया जाये।

इसमें श्याम गुप्ता को सेकेन्ड पार्टी व नगर पालिका को थर्ड पार्टी बनाया था। सिविल जज के सामने ये पूरा मामला आने पर उन्होंने परीक्षण कर मामले को खारिज कर फाइल दाखिल दफ्तर कर दी है। इसे कहते हैं दूसरे के बाप को अपना बाप बनाने वाले का मुंह काला।

# डीआईजी को ले डूबी पूर्व सांसद की जिद

### सीएम योगी हैं पूर्व सांसद से खफा?

**अखंड भारत संदेश**



डीआईजी विपिन कुमार मिश्रा।

**चित्रकूट।** पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा की जिद डीआईजी विपिन कुमार मिश्रा को ले डूबी। उन्होंने हादसे में मरे हिमांशु मिश्रा व रामभवन विश्वकर्मा के मामले की जांच हमीरपुर जिले से कराने की संस्तुति की थी। जांच संस्तुति कराने के दो दिन के अन्दर डीआईजी मिश्रा का पीएसी वाराणसी तबादला हो गया।

पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र की जिद आखिर डीआईजी विपिन कुमार मिश्रा को भारी पडी। उन्होंने पूर्व सांसद के दबाव में हादसे में मरे लोगों के मामले की जांच हमीरपुर जिले से कराने की संस्तुति कर दी थी। शासन के संज्ञान में मामला आने पर शासन ने उन्हें बांदा डीआईजी पद से हटाकर पीएसी वाराणसी भेज दिया। इसे लेकर लोग चर्चा कर रहे हैं कि सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूर्व सांसद से खासे खफा हैं। पूर्व सांसद की हरकतों के चलते उन्हें विधानसभा में असहज होना पडा था, क्योंकि नेता प्रतिपक्ष/सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पूर्व सांसद के धरना को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ को विधानसभा में घेरने का प्रयास किया था। डीआईजी विपिन कुमार मिश्रा के पूर्व सांसद की बात मानने पर उन्हें तबादले के रुप में यहां से रुखसत होना पडा।

# दस साइबर पीडितों के लौटाये 382141 रुपये

**अखंड भारत संदेश**


**चित्रकूट।** बढ़ते साइबर अपराध रोकने व जनता को राहत दिलाने की गरज से पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के जारी अभियान में साइबर अपराध पीड़ितों को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ कार्यालय राजकमल की देखरेख में साइबर सेल प्रभारी/निरीक्षक विजय सिंह की टीम ने पांच नवम्बर से छह दिसम्बर तक दस साइबर अपराध पीड़ितों के 382141 रुपये खातों में वापस कराये।

गुरुवार को साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह, सिपाही सर्वेश कुमार, प्रशांत कुमार ने दस पीडितों के रुपये बरामद कराये। ज्ञात है कि बैंक आने-जाने व औपचारिकताओं में नष्ट होने वाले समय से बचने को सरकार के डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने को लोग आनलाइन बैंकिंग सेवा का लाभ ले रहे हैं। जरा सी असावधानी होने पर कई लोग साइबर ठगी के शिकार हो रहे हैं। किसी भी प्रकार के साइबर फ्राड होने पर हेल्पलाइन नम्बर 1930 में कॉल करें।

# सूरमा! जौहर दिखायें, सडक 144 खुलवायें

### गरीब-असहायों को हटाना है आसान

**अखंड भारत संदेश**



सडक 144 का नक्शा व अवैध बनी दुकानें।

**चित्रकूट।** हाल में नगर पालिका परिषद के ईओ लालजी यादव ने जिला मुख्यालय के बल्दाऊगंज मोहल्ले में गरीब-असहाय लोगों की दुकानें फिर उजाड दी हैं। ईओ बडे सूरमा बनते हैं तो शहर के बस स्टैण्ड की सडक 144 भी खुलवायें।

गरीबों-असहायों की दुकानें व घर उजाडना तो बेहद आसान है। वैसे भी जिन गरीबों-असहायों को उजाडा गया है, वे कानूनी तौर पर पूरी तरह गलत ढंग से नगर पालिका की नजूल की जमीनों पर काबिज थे। भले ही वे लम्बे अरसे से काबिज रहे हो, थे तो गलत ही। ऐसे में नगर पालिका की कार्यवाही को भले ही देर से सही, जायज ही ठहराया जायेगा। लेकिन बस स्टैण्ड से कोठी तालाब की ओर जाने वाली सडक 144 व कुआ पर भी तीन लोग अवैध ढंग से कब्जाकर दुकानें बनाकर साल में दसों लाख रुपये वसूल रहे हैं।

इन्हें हटाने का प्रयास नगर पालिका नहीं कर रहा। नगर पालिका के ईओ बडे सूरमा बनते हैं तो गरीब-असहायों को हटाने के साथ इन दौलतमन्दों, जो सडक 144 व कुआ पर काबिज हैं, इन्हें भी हटाकर दिखायें तो लोगों के दिल-ओ-दिमाग से नगर पालिका की भेदभाव पूर्ण कार्यवाही का अन्तर मिट सके।

# विकसित भारत का पीएम ने लिया है लक्ष्यः लवकुश



लाभार्थियों से बात करते जिलाध्यक्ष।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ऐंचवारा सेक्टर खोह में भाजपा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जारी विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया। भारत संकल्प यात्रा से पूरे मंडल व शक्ति केंद्र में एलईडी वैन ने घूम-घूम कर सरकार की योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाया।

गुरुवार को बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले में शुरू हुई है। भारत को विकसित भारत बनाने का लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिया है।

देश आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में केंद्र सरकार विभिन्न जन कल्याणकारी योजनायें समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचा रही है। इस मौके पर जिला महामंत्री/कार्यक्रम संयोजक राजेश जायसवाल, आशीष पांडेय, तीरथ तिवारी, भागवत त्रिपाठी, अर्पित जायसवाल, धीरेंद्र सेंगर, अंकित पांडे, सुमित मिश्रा, घनश्याम पटेल, सुरेश अनुरागी आदि मौजूद रहे।

# सशस्त्र सेना दिवस पर जिला जज-डीएम को लगाया झंडा

**अखंड भारत संदेश**



जिला जज व डीएम को झंडा लगाते कर्नल।

**चित्रकूट।** सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का शुभारम्भ जिला सैनिक कल्याण/पुनर्वास अधिकारी कर्नल अवधेश सिंह ने जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द को प्रतीक झण्डा लगाकर किया।

गुरुवार को जिलाधिकारी ने दान पात्र में स्वैच्छिक दान किया। सैनिक से संबंधित मुख्यमंत्री की विमोचित स्मारिका 2023 जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने जिलाधिकारी को भेंट किया। इस मौके पर भूतपूर्व सैनिकों एवं एनसीसी कैडेटों ने उत्साह से हिस्सा लिया। उन्होने कहा कि देश की सुरक्षा व अखंडता की रक्षा को प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों की वीर नारियों, अपंग सैनिकों व दीनहीन भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं, आश्रितों की मदद को राष्ट्रीय पर्व पर अधिक से अधिक दान दें। इसी क्रम में कर्नल अवधेश सिंह ने जिला जज विकास कुमार को झंडे का प्रतीक चिन्ह व स्मारिका भेंट की।

# 24 घंटे खोलें जन औषधि केन्द्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय व्यापार संगठन के जिला मंत्री हरिशंकर गुप्ता ने सूबे के मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री तथा सदर विधायक/जिलाधिकारी/मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा कि जिला अस्पताल में जन औषधि केंद्र की व्यवस्था 24 घंटे कराई जाये। गुरुवार को उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय के सभी मेडिकल स्टोर देर रात दस बजे बाद बंद हो जाते हैं, ये धार्मिक क्षेत्र है। यहां हमेशा श्रद्धालुओं का आवागमन रहता है। हर माह अमावस्या व पूर्णिमा पर्व में लाखों श्रद्धालु आते हैं। आपात स्थिति में दवा की जरूरत पड जाये तो मरीजों को भारी परेशानी उठानी पडती है। धार्मिक क्षेत्र में श्रद्धालुओं के मद्देनजर जन औषधि केंद्र 24 घंटे जिला चिकित्सालय में खोला जाये, ताकि आमजनता व श्रद्धालुओं को राहत मिल सके।

# स्पोर्ट्स स्टेडियम में जल्द बनायें जिमः डीएम

**अखंड भारत संदेश**



स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण करते डीएम।

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने स्पोर्ट्स स्टेडियम में निमार्णाधीन बहुउद्देशीय क्रीडा हाल का निरीक्षण कर सहायक अभियंता यूपी सिडको से फ्लोरिंग, फाल सीलिंग, फ्रेमिंग, लाइटिंग, टाइल्स, रंगाई-पुताई कार्यों की जानकारी ली।

गुरुवार को जिलाधिकारी ने कहा कि भवन के चारों ओर सीसी रोड बनायें। टाइल्स के कार्य को तेजी से करायें। प्रत्येक दशा में दिसंबर तक ये कार्य पूरे हो जायें। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी को निर्देश दिए कि जिम हाल बन कर तैयार हो तो प्रचार-प्रसार कराकर निर्धारित शुल्क समेत जिम शुरू करायें। स्वीमिंग पूल की बारे में क्षेत्रीय कीड़ा अधिकारी ने बताया कि मंजूरी को शासन को पत्र भेजा गया है। निरीक्षण में जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार, सहायक अभियंता यूपी सिडको आरपी सोनी आदि मौजूद रहे।

### एक पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्यामप्रताप पटेल ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुण्डा-गर्दी करने वाले दीपक कुमार पुत्र शत्रुघ्न निवासी चैरा पर थ्री यूपी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

### दो वारंटी दबोचे

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में चैकी प्रभारी गनीवा राजोल नागर ने सिपाही प्रमोद कुमार व अशोक पाल के साथ मारपीट के वारंटी नामा उर्फ नागेश व अरुण कुमार पुत्र प्रताप नारायण निवासी गनीवा को गिरफ्तार किया।

# किसान पस्त, सरकार मस्तः रंजना

**अखंड भारत संदेश**



खाद को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी।

**चित्रकूट।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में राज्यपाल संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा।

गुरुवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने एसडीएम सदर को सौंपे ज्ञापन में कहा कि प्रदेश में किसान खाद को परेशान हैं। सवेरे से रात तक लाइन में लगने के बाद भी खाद नहीं मिलती। कांग्रेस ने मांग किया कि किसानों को खाद दी जाये, चेताया कि अन्यथा कांग्रेस आंदोलन को बाध्य होगी। पूर्व प्रत्याशी रंजना बरातीलाल पांडे ने कहा कि जिले में किसान खाद को सोसाइटी में सवेरे से लाइन में खड़े रहते हैं, उन्हें खाद नहीं मिलती। सरकार के दावे फेल हैं, हर वर्ष खाद को किसान परेशान रहता है। कांग्रेस ने मांग किया कि किसानों को समुचित खाद दिलाई जाये। डबल इंजन की सरकार में किसान, व्यापारी, नौजवान सभी परेशान हैं। किसान अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में किसान प्रताड़ित है। किसानों को खाद न मिली तो किसान आंदोलन करेंगे। ज्ञापन देने में जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, विजयमणि त्रिपाठी, शिव गुलाम वर्मा, चुनवाद प्रसाद, अजीत मिश्रा, राज नारायण यादव, ओम प्रकाश गुप्ता, हरिओम पांडे आदि कांग्रेसी शामिल रहे।

# नौ जुआरियों को पुलिस ने दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपाधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में चैकी प्रभारी गनीवा राजोल नागर ने सिपाही प्रमोद कुमार, अशोक कुमार व प्रकाश मिश्रा के साथ ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते जियालाल पुत्र चुक्का प्रसाद, लक्ष्मी प्रसाद पुत्र पंचा, सुशील कुमार पुत्र बच्चा, धनराज पुत्र रामदेव, राजकुमार पुत्र रामाश्रय, जागेश्वर पुत्र भोंदू, राजेश कुमार पुत्र मखलू, रामप्रकाश पुत्र मुल्ला व अनोखेलाल पुत्र रामदेव निवासी लुधौरा बुजुर्ग को दबोचा है। जुआरियों के कब्जे से मालफड से ताश के 52 पत्ते, 12 सौ रुपये व जामा तलाशी से आठ सौ रुपये बरामद किये। सभी का जुआ अधिनियम में चालान किया।

# अग्निशमन विभाग में मंजूर पद के हिसाब से करें तैनातीः विधायक

### सूबे के सीएम को लिखा पत्र

**अखंड भारत संदेश**



सदर विधायक अनिल प्रधान।

**चित्रकूट।** सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि अग्निशमन विभाग में मंजूर पदों के सापेक्ष कर्मचारियों की तैनाती कम होने पर सभी पदों को भरा जाये।

गुरुवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि चित्रकूट जिला आकांक्षी जिला है, जहां अग्निशमन विभाग में मंजूर पदों के सापेक्ष बहुत कम कर्मचारियों की तैनाती है। जिले में कहीं अग्निकाण्ड या अप्रिय घटना होती है तो वहां अग्निशमन कर्मचारी समय से नहीं पहुंच पाते। इससे काफी जान-माल की क्षति होती है, जनता में आक्रोश रहता है।

उन्होंने कहा कि मंजूर पद नौ चालक, नौ लीडिंग फायरमैन, 79 कांस्टेबल, चार अग्निशमन अधिकारी हैं। मौजूदा समय में तीन चालक, एक लीडिंग फायरमैन, 21 कांस्टेबल व एक भी अग्निशमन अधिकारी नहीं हैं। उन्होंने मांग किया कि अग्निशमन विभाग में मंजूर पदों के सापेक्ष शत-प्रतिशत कर्मचारियों की तैनाती की जाये।

### एक वांछित-तीन वारंटी दबोचे

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने एक वांछित व तीन वारंटी दबोचे हैं।

गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की टीम के निरीक्षक अभयराज सिंह ने सिपाही राहुल पाण्डेय, चालक प्रवीण पाण्डेय के साथ छेडछाड, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के वांछित राहुल पुत्र भइयालाल निवासी महेरा थाना लालापुर जिला प्रयागराज को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में मऊ थाने के दरोगा इन्द्रजीत गौतम ने सिपाही मोहम्मद अदनान के साथ मारपीट के वारंटी अवधेश कुमार व लवकुश पुत्र देवी प्रसाद निवासी बालापुर को गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के दरोगा कृष्णदेव मिश्रा ने सिपाही निशांत यादव के साथ हादसे को अंजाम देने वाले चालक/वारटी रज्जन यादव पुत्र ननकावन निवासी गोबरोल को गिरफ्तार किया।

# सर्व समाज को न्याय देता है भारतीय संविधानः मान सिंह पटेल

**अखंड भारत संदेश**



बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण करते सपाई।

**चित्रकूट।** सपा जिला कार्यालय में संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर हुई गोष्ठी में जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि दलित, पिछड़ा व महिलाओं की आवाज डॉ भीमराव अंबेडकर ने संविधान से सदियों से चली आ रही गुलामी को समाप्त किया है।

गोष्ठी में सपा बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मानसिंह पटेल ने कहा कि डॉ अंबेडकर ने दलित, पिछडा, शोषित व महिलाओं को मुख्य धारा में लाने को अथक परिश्रम किया था। सर्व समाज को संविधान न्याय दिलाता है। बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सपाइयों ने श्रद्धांजलि दी। गोष्ठी में जिला महासचिव सत्यनारायण पटेल, डॉ निर्भय सिंह पटेल, जिला प्रवक्ता सुभाष पटेल, शीलू यादव, सियाराम गुप्ता, राजा यादव, मेघनाथ प्रजापति, राधेश्याम निषाद, लाल बहादुर निषाद, रमा यादव, डॉ सची गुप्ता, अंगद यादव, लवलेश यादव, चमेलिया निषाद, रामसनेही निषाद आदि मौजूद रहे।

# विदेश संदेश

## अमेरिका: लास वेगास के नेवादा विवि परिसर में गोलीबारी, तीन की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के लास वेगास स्थित नेवादा विश्वविद्यालय परिसर में बुधवार को हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई। इस घटना में एक व्यक्ति के घायल होने और पुलिस की कार्रवाई में संदिग्ध हमलावर की मौत की खबर है। लास वेगास शहर के पुलिस विभाग की तरफ से एक्स पोस्ट में साझा की गई जानकारी के मुताबिक संदिग्ध हमलावर को काबू किया गया और उसकी मौत हो चुकी है। गोलीबारी की यह घटना विश्वविद्यालय परिसर में हुई और गोलीबारी के कारणों का अभी पता नहीं चला है।

## कराची के शॉपिंग व आवासीय मॉल में आग लगने से चार लोगों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के कराची में एक शॉपिंग और आवासीय मॉल में आग लगने से बुधवार शाम को चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए।

कराची के महापौर मुर्तजा वहाब ने पुष्टि की है कि आयशा मंजिल इलाके में स्थित इमारत से अब तक तीन जले हुए शव बरामद किए गए हैं। हालांकि, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि चार शवों को सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है जबकि हादसे में झुलसे दो लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

दमकल विभाग के अधिकारी हुमायूं खान ने कहा कि आग स्पष्ट रूप से भूतल पर लगी और तीन अन्य मंजिलों तक तेजी से फैल गई। दमकल विभाग की कई गाड़ियां आग बुझाने के काम में जुटी हैं।

## चीन के बीआरआई प्रोजेक्ट से इटली ने आधिकारिक तौर पर बाहर होने की घोषणा की

**रोम।** चीन के ड्रीम प्रोजेक्ट बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) से इटली ने आधिकारिक तौर पर बाहर होने की घोषणा की है। इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी ने भारत में जी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान व्यक्तिगत रूप से चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग को इस संबंध में जानकारी दी थी।

बीआरआई में शामिल होने वाला इटली एकमात्र जी-7 देश था। इटली के समाचार पत्र डायरियो पोलिटिको के अनुसार, इटली की पीएम मेलोनी के नेतृत्व वाले एक समूह ने इस बारे में चीन की सरकार को तीन दिन पहले जानकारी दी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इटली और चीन के बीच कई हफ्तों तक कई चरण में वार्ता भी हुई लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

इटली के विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी ने कहा कि चीन के साथ बीआरआई में शामिल होने के बाद भी दोनों देशों के बीच व्यापार में उम्मीद के अनुरूप वृद्धि नहीं हो पाई है। 2019 में इटली बीआरआई में शामिल हुआ था। बता दें कि पीएम मेलोनी हमेशा से ही इस प्रोजेक्ट के खिलाफ बोलती आई हैं। चीन ने इटली को इस प्रोजेक्ट में शामिल होने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री ग्यूसेप कोंटे को प्रभावित किया था। इटली के इसमें शामिल होने से अमेरिका खासा नाराज था। इटली ने औपचारिक तौर पर इससे किनारा कर लिया है। हालांकि चीन की तरफ से अभी इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## ब्रिटेन की नयी वीजा योजना पर भारतीय पेशेवरों का प्रतिनिधित्व करने वाले समूहों ने जताई चिंता

**लंदन।** ब्रिटेन सरकार की नई वीजा योजना के संबंध में स्पष्टता के अभाव को लेकर भारतीय कुशल पेशेवरों और स्वास्थ्य कर्मियों का प्रतिनिधित्व करने वाले समूहों ने मंगलवार को चिंता जताई है।

इससे पहले सोमवार को ब्रिटेन के गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली ने संसद में पांच सूत्री योजना पेश की थी, जिसके तहत विदेशी देखभाल कर्मियों पर अपने परिवारों को ब्रिटेन लाने पर प्रतिबंध लगाया जाएगा और कुशल श्रमिकों के लिए वेतन सीमा बढ़ाकर 38,700 ब्रिटिश पौंड निर्धारित की जाएगी।

भारतीय मूल के लगभग 80 हजार चिकित्सकों और 55 हजार नर्सों का प्रतिनिधित्व करने वाले ब्रिटेन के सबसे बड़े प्रतिनिधि निकाय ब्रिटिश एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडियन ऑरिजिन (बीएपीआईओ) के संस्थापक डॉक्टर रमेश मेहता ने कहा, हम स्पष्टीकरण मांगने के लिए तत्काल गृह मंत्री को पत्र लिखेंगे, हमें उम्मीद है कि इस योजना में डॉक्टर और नर्स शामिल नहीं होंगे क्योंकि अगर ऐसा होता है, तो हम गृह मंत्रालय को बताना चाहते हैं कि भारत से ब्रिटेन आने वाले चिकित्सकों और नर्सों की संख्या जीरो हो जाएगी। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने आगाह किया है कि वेतन सीमा 38,700 पौंड करने से ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था के लिए अनपेक्षित परिणाम हो सकते हैं।

फिक्की के महासचिव शैलेश पाठक ने कहा, ह्लदुनिया विशेष रूप से आईटी, इंजीनियरिंग और अनुसंधान के क्षेत्र में अत्यधिक कुशल भारतीय पेशेवरों की ओर देख रही है। विदेशी कुशल श्रमिक वीजा के लिए ब्रिटेन की वेतन सीमा को देखते हुए, ऐसे भारतीय पेशेवर निश्चित रूप से अन्य देशों को चुनेंगे और इससे ब्रिटेन में व्यापार करने वाली भारतीय कंपनियां हतोत्साहित होंगी, क्योंकि ऐसी कंपनियां ब्रिटेन और भारत, दोनों ही देशों के पेशेवरों को रोजगार देती हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## विश्व शांति के लिए दुबई के स्टेडियम में सार्वजनिक ध्यान कार्यक्रम का आयोजन करेंगे श्री श्री रविशंकर

**– 8 दिसंबर को 15,000 प्रतिभागी इस समारोह में करेंगे शिरकत**

**दुबई।** आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर ने बुधवार को कहा कि वह खाड़ी सहयोग परिषद के देशों के 15,000 से अधिक प्रतिभागियों के साथ विश्व शांति के लिए शुक्रवार को दुबई में एक सार्वजनिक ध्यान कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। यह कार्यक्रम दुबई के अल नस्र क्लब-अल मकतूम स्टेडियम में आयोजित होगा। आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक रविशंकर को शांति स्थापना, आपदा राहत कार्य, गरीबी उन्मूलन और जलवायु



कार्रवाई के जरिये उनके योगदान के बारे में भाषण देने के लिए कॉप 28 में आमंत्रित किया गया है। रविशंकर ने कहा कि वह खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के देशों बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के 15,000 से अधिक प्रतिभागियों के साथ विश्व शांति के लिए एक सार्वजनिक कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। दुनिया भर के लाखों लोग इस कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से भी जुड़ेंगे। आध्यात्मिक गुरु लोगों को आंतरिक शांति के अनुभव से अवगत कराएंगे जिसके बारे में उनका दावा है कि यह विश्वव्यापी सद्भाव की दिशा में पहला कदम है।

## इजराइली सेना दक्षिणी गाजा के खान यूनिस पहुंची, जमीनी व हवाई हमले तेज

**गाजा।** इजराइल और हमास के बीच युद्ध विराम के बाद इजराइली सेना ने हमले तेज कर दिए हैं। इजराइली सेना बुधवार को जमीनी व हवाई हमले करते हुए दक्षिणी गाजा के प्रमुख शहर खान यूनिस के केंद्र में पहुंच गई। जहां हमास लड़ाकों ने उनका कड़ा प्रतिकार किया। सेना वहां से नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर जाने का दबाव डाल रही है। जबकि वे कह रहे हैं ऐसे स्थान अब कहां बचे हैं। लोग भूखे-प्यासे दरबदर हो रहे हैं।



इजराइली लड़ाकू विमान हमास आतंकियों के ठिकानों के आशंका वाले सघन आबादी क्षेत्रों पर भी लगातार बमबारी कर रहे हैं। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि अस्पताल घायलों और मृत लोगों से भर गए हैं।

जेनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार के प्रमुख वोल्कर तुर्क ने कहा कि गाजा में स्थिति विनाशकारी है, जहां किसी के न बचने जैसी स्थिति है। दोनों ओर से मानवाधिकार का घोर उल्लंघन हो रहा है।

फिलिस्तीनी अधिकारियों ने कहा कि हजारों लोग जो पहले से विस्थापित हैं उन्हें फिर से नया ठिकाना तलाशने को मजबूर किया जा रहा है। लेकिन उत्तरी गाजा से विस्थापित होकर दक्षिणी गाजा पहुंचे नागरिक अब असहाय हैं। वे अपने मामूली सामान के साथ एक स्थान से दूसरे स्थान पर सुरक्षित ठिकाने की तलाश में हैं। उत्तरी गाजा के ज्यादातर हिस्से पर कब्जा करने के बाद इजराइल सेना टैंकों व लड़ाकू विमानों से गोले बरसाते हुए दक्षिण गाजा क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रही है।

इजराइल ने कहा कि उसकी सेना ने हमास के सैकड़ों ठिकानों पर हमला किया है। जिसमें उत्तर में एक स्कूल के पास एक उग्रवादी सेल भी शामिल है। हमास के सशस्त्र विंग अल कसम ब्रिगेड ने कहा कि इस दौरान भयंकर लड़ाई हुई। निवासियों ने कहा कि इजरायल ने रातभर बमबारी की, जिसमें कई नागरिकों की मौत हुई है और लोग घायल हुए हैं।

हमास मीडिया व स्थानीय लोगों ने बताया कि उत्तरी गाजा में टैंकों, नौसैनिक नौकाओं व लड़ाकू विमानों ने जबालिया क्षेत्र के शरणार्थी कैंपों के साथ सड़कों, घरों पर बमबारी की। वहीं, वेस्ट बैंक में संघर्ष में दो फिलिस्तीनी मारे गए हैं। इजरायली सेना ने कहा कि यमन की ओर से लाल सागर के ऊपर से मिसाइल दागी गई है।

इजराइली रक्षा बल (आईडीएफ) ने आतंकी सुरंगों में मिली पहले कभी न देखी गई तस्वीरें जारी की हैं, जिसमें सुरंगों में छिपते हुए लड़ाई के दौरान मारे गए उत्तरी गाजा ब्रिगेड के पांच सबसे वरिष्ठ लोगों में से एक हमास का कमाडंर अहमद अंदोर शामिल है।

इजराइली रक्षा बलों ने बुधवार को एक अनजाने हमले पर खेद व्यक्त किया जिसमें एक लेबनानी सैनिक की मौत हो गई। जबकि उसने हिजबुल्ला से जुड़ी पोस्ट को निशाना बनाया और कहा कि घटना की समीक्षा की जा रही है। यहां लेबनान सीमा पर लगातार गोलाबारी हो रही है।

## इजराइल के सुरक्षा बलों ने गाजा पट्टी को नभ से थल तक घेरा, खान यूनिस में घमासान



**गाजा/तेल अवीव।** इजराइल और फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के बीच गाजा पट्टी में छिड़ा युद्ध आज (बुधवार) 61वें दिन और तेज हो गया। इजराइली सुरक्षा बलों ने दक्षिणी गाजा के सबसे बड़े शहर खान यूनिस को चारों ओर से घेरकर भागने के सारे रास्ते बंद कर दिए हैं। सुरक्षा बलों की प्राथमिकता खान यूनिस में बनाई गई सुरंगों में छुपे हमास के कमांडरों को निशाना बनाना है। रात को कम से कम चार कमांडरों और कई गुर्गों को ढेर कर दिया गया।

यहां के प्रमुख अखबार द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार इजराइली सुरक्षा बल स्कूलों और अस्पतालों में बनाई गई सुरंगों में छुपे आतंकवादियों को खोज-खोज कर मार रहे हैं। रॉकेट, मोर्टार और मिसाइलें दागी जा रही हैं। कुछ देर पहले उत्तरी वेस्ट बैंक में इजराइली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के साथ संघर्ष में दो फिलिस्तीनी मारे गए हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि युद्ध के बाद गाजा को विसैन्यीकृत करना बहुत जरूरी है। इजराइली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) पर भरोसा है वह ऐसा कर दिखाएंगे।

अखबार के अनुसार हमले में लेबनानी सैनिक की मौत पर आईडीएफ ने माफी मांगी है। आईडीएफ ने कहा है कि सैनिक हिजबुल्लाह पोस्ट पर एक वास्तविक खतरे को बेअसर करने के लिए काम कर रहे थे। लेबनानी सेना लक्ष्य पर नहीं थी। आईडीएफ प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी ने कहा कि दक्षिणी गाजा के खान यूनिस क्षेत्र को पूरी तरह घेर लिया गया है। बलों ने यहां उत्तरी गाजा पट्टी ब्रिगेड के कई हमास कमांडरों और गुर्गों को मार गिराया है।

## नेपाली नागरिकों को रूसी सेना में भर्ती करने वाले गिरोह का पदार्फाश, 12 गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाली नागरिकों को अवैध रूप से रूस भेजकर वहां की सेना में भर्ती कराने वाले गिरोह का पदार्फाश कर 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। नेपाल पुलिस ने इनके पास से 50 से अधिक पासपोर्ट भी बरामद किया है।

नेपाल पुलिस की क्राइम ब्रांच ने काठमांडू के अलग-अलग ठिकानों पर छापा मारकर 12 लोगों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 50 से अधिक पासपोर्ट भी बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि इन सभी पासपोर्ट पर रूस का वीजा लगा हुआ था।



हिरासत में लिए गए आरोपितों के पास से 27 लाख रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपितों में द्रोण डांगी, दीपेन पेरियार, क्षितिज गिरी, सुभाष लामा, मनीष न्यौपाने, रोसल महर्जन, हरि बहादुर विश्वकर्मा, ईश्वर अधिकारी, गोकर्ण आर्यल, सुजाता दाहाल, संतोष रोक्का और संतोष नेपाल शामिल हैं।

काठमांडू के पुलिस अधीक्षक कुमोद ढुंगेल ने बताया कि इन सभी को जिला अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। आगे की जांच जारी है। इन सभी की गिरफ्तारी के लिए काठमांडू के लेनचौर, ठमेल और महाराजगंज इलाके में छापेमारी की गई थी। यह गिरोह नेपालियों को अवैध रूप से रूसी सेना में शामिल होने के लिए विजिट वीजा पर रूस भिजवाने की व्यवस्था करता था। अब तक गिरफ्तार 12 लोगों के खिलाफ किसी ने भी शिकायत दर्ज नहीं कराई है। रूसी सेना में शामिल छह नेपाली नागरिकों की मौत और कुछ सैनिकों को यूक्रेन द्वारा बंधक बनाए जाने की घटना सामने आने के बाद नेपाल सरकार ने जांच के आदेश दिए थे।

## नेपाल की विशेष अदालत ने आईएसआई एजेंट को दिया दोषी करार, भारत में आतंकी गतिविधियों के लिए फंडिंग करता था

**काठमांडू।** नेपाल की जेल में बन्द एक आईएसआई एजेंट शमसुल होदा व उसके एक साथी को काठमांडू की विशेष अदालत ने आतंकी गतिविधियों को फंडिंग के मामले में दोषी करार दिया है। नेपाल मूल का यह आईएसआई एजेंट भारत में की जाने वाली आतंकी गतिविधियों के लिए फंडिंग करता था। भारत के कानपुर में हुए ट्रेन ब्लास्ट सहित कई आतंकी घटनाओं में फंडिंग करने के आरोप में दोषी करार दिए गए होदा को जल्द ही सजा सुनाई जाएगी।

2016 में कानपुर के पास पटना इंदौर एक्सप्रेस में हुए विस्फोट सहित उस दौरान हुए कई अन्य आतंकी गतिविधियों में दुबई से नेपाल के रास्ते फंडिंग करने वाले आईएसआई एजेंट शमसुल होदा और उसके एक सहयोगी गिरी बाबा उर्फ ब्रजकिशोर गिरी को काठमांडू की पांच जजों के फुल बेंच ने दोषी करार दिया है। इन दोनों को दी जाने वाली सजा पर अलग से सुनवाई की जाएगी। विशेष अदालत के प्रमुख न्यायाधीश टेकबहादुर कुंवर ने इन आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा का ऐलान बाद में किए जाने की जानकारी दी। सरकारी वकील ने इन दोनों को नेपाल के प्रचलित कानून के मुताबिक अधिकतम सजा यानि 20 सालों की सजा देने की मांग की है।

होदा पर अपने ही दो साथियों की हत्या करने के आरोप में अलग से मुकदमा चल रहा है। दुबई से भेजे गए पैसे लेने के बाद भी दो भारतीय नागरिक दीपक राम और अरूण राम ने रेलवे ट्रैक उडाने से इंकार कर दिया था। इसलिए होदा ने बिहार के पूर्वी चम्पारण जिले के आदापुर पोखरिया निवासी इन दोनों को नेपाल के अपने गांव के पास बुलाकर उनकी हत्या करा दी थी। दरअसल इसी हत्याकांड के बाद



पुलिस को इस पूरे मामले में शमसुल होदा के टेरर फंडिंग का पता लग पाया था।

विशेष अदालत में होदा के खिलाफ दायर चार्जशीट में कहा गया है कि नेपाल के बारा जिला निवासी शमसुल होदा दुबई में पाकिस्तानी नागरिक मोहम्मद शफीक के संपर्क में आया। होदा से पूछताछ और उसके पास से मिले साक्ष्य के आधार पर शफीक को आरोप पत्र में आईएसआई का अधिकारी बताया गया है, जो होदा का हैंडलर था। चार्जशीट के मुताबिक मोहम्मद शफीक के द्वारा पाकिस्तान से भेजे गए पैसे को होदा नेपाल में हिमाल रेमिटटैंस के जरिए अपने जिला के कुछ लोगों को भेजता था। उसके बैंक अकाउंट और उससे जुडे लोगों के अकाउंट खंगालने के बाद संपत्ति शुद्धिकरण विभाग ने आरोप पत्र में वह सभी प्रमाण दिए जिससे यह साबित होता है कि होदा के द्वारा दुबई से भेजे गए पैसे भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देने के लिए भेजा जाता था।

पिछले 6 साल से उसके खिलाफ विशेष अदालत में मुकदमा चलाया जा रहा था। शमसुल होदा और गिरी बाबा के अलावा इनके साथ काम करने के आरोप में करीब आधे दर्जन लोगों को भी गिरफ्तार किया गया था लेकिन उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं मिलने के कारण बाद में रिहा कर दिया गया।

दरअसल नेपाल के बारा जिला निवासी शमसूल होदा कई सालों से दुबई में ही रहता था और वहीं से आईएसआई के इशारे पर भारत में आतंकी घटनाओं के लिए फंडिंग किया करता था। नेपाल के संपत्ति शुद्धिकरण विभाग ने शमसूल होदा पर आय से अधिक संपत्ति रखने और विदेशों से अवैध तरीके से पैसा लाकर नेपाल के रास्ते आतंकी घटनाओं के लिए फंडिंग किए जाने को लेकर मुकदमा दर्ज किया था। विशेष अदालत ने इसी मामले में होदा को दोषी करार दिया है। बताया जा रहा है कि शमसुल होदा को दुबई से भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की मदद से गिरफ्तार कर नेपाल लाया गया था।

कानपुर में पटना इंदौर एक्सप्रेस में ब्लास्ट के अलावा बिहार के घोडासहन में रेलवे ट्रैक उडाने की साजिश में शामिल था। 2014 में पटना के गांधी मैदान में भाजपा की रैली में हुए सीरियल ब्लास्ट में भी इसने फंड देने की भूमिका बताई गई थी।